अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com

उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र

आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605





# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 237 लखनऊ, सोमवार, 16 मार्च 2026 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव का ऐलान

- 6 राज्यों में 8 सीटों पर उपचुनाव भी, नतीजे 4 मई को

एजेंसी




नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने रविवार को पांच राज्यों में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की है। पुडुचेरी, केरल और असम में 09 अप्रैल को एक चरण में मतदान होगा। वहीं तमिलनाडु में एक चरण में 23 अप्रैल और पश्चिम बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा। सभी के नतीजे 0 4 मई को आयेंगे।

असम, पुडुचेरी और केरल की सभी 126, 30 और 140 सीटों पर 16 मार्च को अधिसूचना जारी होगी, नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 23 मार्च है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 24 मार्च को की जाएगी। उम्मीदवार 26 मार्च तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे।

तमिलनाडु की सभी 234 सीटों और पश्चिम बंगाल में पहले चरण की 152 सीटो पर 30 मार्च को अधिसूचना जारी होगी, नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 06 अप्रैल है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 07 अप्रैल को की जाएगी। उम्मीदवार 09 अप्रैल तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे।

पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण की 142 सीटो पर 02 अप्रैल अधिसूचना जारी होगी, नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 09 अप्रैल है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 10 अप्रैल को की जाएगी। उम्मीदवार 13 अप्रैल तक अपना नामांकन वापस ले सकेंगे।

इसके अलावा आयोग ने आज गोवा की पोंडा, गुजरात की उमरेठ, कर्नाटक की बागलकोट और दावणगेरे साउथ, महाराष्ट्र की राहुरी और बारामती, नगालैंड की कोरिडांग (एसटी) तथा त्रिपुरा की धर्मनगर पर उपचुनाव की घोषणा की है। इन सभी सीटों पर संबंधित विधायकों के निधन के कारण रिक्ति उत्पन्न हुई है, जिसके चलते निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव कराया जाएगा। इनमें से गुजरात और महाराष्ट्र की सीटों पर 23 अप्रैल और बाकी सभी सीटों पर 09 अप्रैल को मतदान होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ दिल्ली में आज चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से जुड़ी पत्रकार वार्ता की। इसमें कुमार ने कहा कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही इन सभी जगह पर आदर्श आचार संहिता लग गई है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग नियम और व्यवस्था के तहत काम करता है और आचार संहिता लगने से पूर्व लिए गए सरकारी फैसलों और राजनीतिक बयानों से उसका कोई लेना-देना नहीं है। इसके बाद दिए गए बयानों और प्रशासनिक निर्णय पर चुनाव आयोग कड़ी नजर रखेगा। चुनाव आयोग के अनुसार असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में लगभग 17.4 करोड़ मतदाता हैं। कुल 824 विधानसभा क्षेत्र में करीब 2.19 लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं और लगभग 25 लाख चुनाव कर्मी चुनाव प्रक्रिया में भाग लेंगे।

पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल 07 मई तमिलनाडु का 10 मई, असम 20 मई और केरल 23 मई को समाप्त होगा। वहीं केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की विधानसभा का कार्यकाल 15 जून तक है। कुल 824 विधानसभा सीटों में असम में 126, केरल में 140, पुडुचेरी में 30, तमिलनाडु में 234 और पश्चिम बंगाल में 294 सीटें हैं। असम में 09 एससी और 19 एसटी सीटें, केरल में 14 एससी और 02 एसटी सीटें, पुडुचेरी में 05 एससी सीटें, तमिलनाडु में 44 एससी और 02 एसटी सीटें तथा पश्चिम बंगाल में 68 एससी और 16 एसटी सीटें आरक्षित हैं।

## बिना गारंटी और हर्ज़ाने के युद्ध का अंत संभव नहीं : ईरान

एजेंसी



तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि मौजूदा युद्ध का अंत तभी संभव है जब इस बात की पुख्ता गारंटी दी जाए कि हमले दोबारा नहीं दोहराए जाएंगे।

श्री अराघची ने एक प्रमुख अरबी समाचार पत्र 'अल-अरबी अल-जदीद' से बातचीत के दौरान स्पष्ट किया कि युद्ध का अंत तभी संभव है जब इस बात की पुख्ता गारंटी दी जाए कि हमले दोबारा नहीं दोहराए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने संघर्ष के दौरान हुए नुकसान के लिए हर्ज़ाने या मुआवजे के भुगतान की मांग भी उठाई है। श्री अराघची ने क्षेत्रीय देशों के साथ मिलकर एक संयुक्त जांच समिति बनाने का प्रस्ताव भी दिया है जो क्षेत्र में हुए हमलों की बारीकी से जांच कर सके।ईरानी विदेश मंत्री ने अपने बयान में जोर देकर कहा कि तेहरान की सैन्य कार्रवाइयां केवल इस क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों और हितों तक ही सीमित रही हैं। उन्होंने इस बात का पुरजोर खंडन किया कि ईरान ने पड़ोसी देशों के किसी भी नागरिक या आवासीय क्षेत्र को निशाना बनाया है। श्री अराघची ने आशंका जताई कि अरब देशों के नागरिक ठिकानों पर हुए हमलों के पीछे इजरायल का हाथ हो सकता है, जिसका उद्देश्य ईरान और उसके पड़ोसी अरब देशों के मधुर संबंधों में दरार पैदा करना है।

श्री अराघची ने यह भी सनसनीखेज दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के 'शाहिद' की तरह ही 'लुकास' नामक एक नया ड्रोन बनाया है, जिसका उपयोग अरब देशों में ठिकानों को निशाना बनाने के लिए किया गया है।

## संक्षिप्त

### पश्चिम एशिया के सात देशों में सीबीएसई की कक्षा 12 की परीक्षाएं रद्द

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने पश्चिम एशिया में मौजूदा हालात को देखते हुए कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं रद्द करने का निर्णय लिया है। बोर्ड ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा और वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। सीबीएसई ने इस संबंध में शनिवार को एक परिपत्र जारी किया है, जिसके अनुसार बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में संबद्ध स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए 16 मार्च से 10 अप्रैल तक निर्धारित कक्षा 12वीं की सभी परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। बोर्ड के अनुसार इन देशों में परीक्षाओं के आयोजन की संभावना की समीक्षा संबंधित स्कूलों और स्थानीय अधिकारियों से मिले सुझावों के आधार पर की गई।

### एनएचएआई ने वार्षिक फास्टैग के दाम 3000 से बढ़ाकर 3075 रुपये किये, 1 अप्रैल से लागू

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण(एनएचएआई) ने आगामी वित्त वर्ष के लिए फास्टैग वार्षिक पास के शुल्क को 3000 रुपये से बढ़ाकर 3075 रुपये कर दिया है। नए रेट 1 अप्रैल से लागू होंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि यह संशोधन राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दर निर्धारण और वसूली) नियम, 2008 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है। देश में निजी वाहन मालिकों के बीच फास्टैग वार्षिक पास को तेजी से अपनाया जा रहा है और वर्तमान में इसके 56 लाख से अधिक उपयोगकर्ता हैं। वार्षिक पास को 15 अगस्त 2025 को शुरू किया गया था। प्राधिकरण के अनुसार इसे देशभर के राजमार्ग उपयोगकर्ताओं से अच्छा रिस्पॉन्स मिला। संशोधित शुल्क राष्ट्रीय राजमार्गों और राष्ट्रीय द्रुतमार्गों के लगभग 1150 टोल प्लाजा पर लागू होगा।

## अयोध्या में एक और ऐतिहासिक उत्सव की तैयारी, 19 मार्च को राम मंदिर में राष्ट्रपति करेंगी श्रीराम यंत्र की स्थापना

- योगी आदित्यनाथ सरकार ने तैयार की कार्यक्रम की रूपरेखा
- कार्यक्रम में सात हजार लोगों को किया गया है आमंत्रित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में एक बार फिर ऐतिहासिक और आध्यात्मिक उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 19 मार्च को श्रीराम यंत्र की विधिवत स्थापना होगी। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। यह कार्यक्रम चैत्र नवरात्र के पहले दिन यानी वर्ष प्रतिपदा के शुभ अवसर पर आयोजित हो रहा है, जो हिंदू नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। उत्तर प्रदेश सरकार और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस आयोजन को अत्यंत भव्य बनाने की रूपरेखा तैयार की है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पतराय ने बताया कि श्रीराम यंत्र दो वर्ष पूर्व जगद्गुरु शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती महाराज द्वारा शोभायात्रा के माध्यम से अयोध्या भेजा गया था। वैदिक गणित और ज्यामितीय आकृतियों पर आधारित यह यंत्र देवताओं का निवास माना जाता है, जो सकारात्मक ऊर्जा आकर्षित करने की क्षमता रखता है। वर्तमान में इस यंत्र की राजा राम के समक्ष नियमित पूजा-अर्चना चल रही है। दो दिन बाद अर्थात 19 मार्च तक यह यंत्र राम मंदिर के दूसरे तल पर पहुंच जाएगा। इसकी स्थापना के नौ दिवसीय वैदिक अनुष्ठान पहले से ही शुरू हो चुके हैं, जिनमें दक्षिण भारत, काशी और अयोध्या के विद्वान आचार्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग सात हजार लोग इस ऐतिहासिक समारोह में मौजूद रहेंगे। इसमें उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मंदिर निर्माण कार्यों में महती भूमिका निभाने वाले भी शामिल होंगे।ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सुबह करीब 11 बजे अयोध्या पहुंचेंगी। वे राम मंदिर परिसर में प्रवेश कर श्रीराम यंत्र की पूजन-अर्चना करेंगी। अभिजीत मुहूर्त में ठीक 11:55 बजे यंत्र की स्थापना का मुख्य अनुष्ठान संपन्न होगा।

## भारत को कमजोर कर रही जातिवाद की राजनीति : योगी

- नेताजी बोस होते तो पापी पाकिस्तान नहीं होता
- चित्तौड़गढ़ का दुर्ग भारत के स्वाभिमान का जीवंत प्रतीक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



चित्तौड़गढ़। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जातिवाद की राजनीति भारत की नींव को कमजोर कर रही है। बांटने की राजनीति हम सबको फिर से गुलामी की ओर धकेल रही है। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ का दुर्ग केवल पत्थरों से निर्मित कोई ऐतिहासिक ढांचा नहीं है, बल्कि यह भारत के स्वाभिमान, मर्यादा और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रहरी है। महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह जैसे राष्ट्रनायकों ने सत्ता के लिए नहीं, बल्कि देश और धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष किया था।

योगी आदित्यनाथ रविवार को जौहर स्मृति संस्थान के तत्वावधान में आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह देश कमजोर क्यों हुआ? क्योंकि जातिवाद ने समाज की नींव को दरका दिया, कमजोर कर दिया। यह जातिवाद की राजनीति भारत की नींव को कमजोर कर रही है। बांटने की राजनीति हम सबको फिर से गुलामी की ओर धकेल रही है। उससे बचने के लिए आज हम सबको एक उस भाव के साथ आगे बढ़ना पड़ेगा। 'मूल जानना बड़ा कठिन है नदियों का, वीरों का, धनुष छोड़कर और गोत्र क्या होता रणधीरों का' ये महाकवि दिनकर की पंक्तियां हैं।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कौन ऐसा भारतीय होगा, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस का स्मरण न करता हो? उन्होंने भी तो आह्वान किया था, 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा।' यह नारा केवल बंगाल के लिए नहीं था, पूरे भारत के लिए था, पूरे भारत की आजादी के लिए था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस होते तो भारत का विभाजन नहीं होता, पापी पाकिस्तान भी नहीं होता। उनका यह आह्वान भारत की अस्मिता के लिए था, भारत की आजादी के लिए था, भारत के नौजवानों के साथ था। आप जाइए ना भारत से बाहर भी, जापान में, सिंगापुर में। भारत के अंदर पोर्ट ब्लेयर में जाइए, नेताजी सुभाष चंद्र बोस के द्वारा भारत की आजादी के लिए...म्यांमार में आप जाइए। भारत की आजादी के लिए उनके द्वारा किए गए योगदान का स्मारक आज भी हम सब भारतीयों का आह्वान करता है।

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि चित्तौड़गढ़ का दुर्ग केवल पत्थरों से निर्मित कोई ढांचा नहीं, बल्कि यह भारत के स्वाभिमान, अस्मिता और अदम्य जिजीविषा का जीवंत प्रतीक है।

## आपदा के समय धैर्य जरूरी: विचारमंच

दिनेश कुमार गर्ग

लखनऊ। स्वर्गीय चन्द्रभानु गुप्त द्वारा 'भारत सेवा संस्थान' के अंतर्गत स्थापित बुद्धिजीवियों की पुरानी एवं प्रतिष्ठित संस्था 'विचार मंच' की 'युद्ध के माहौल में गैस सिलेंडर की कमी' विषय पर वीरसावरकर नगर में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि इस समय अमरीका एवं उसके सहयोगी देशों का ईरान से जो युद्ध चल रहा है, उसका दुष्प्रभाव पूरे विश्व पर पड़ा है। ऐसी स्थिति में हमारी सरकार को सूझबूझ से काम लेना जरूरी तो है ही, देशवासियों को भी धैर्य रखते हुए समझदारी दिखानी बहुत आवश्यक है। हमें इस बात के लिए तैयार रहना चाहिए कि यदि विश्व में लड़ाई और बढ़ती है तो उससे हमारे यहां निश्चित रूप से महंगाई बढ़ेगी।

मुख्य वक्ता के रूप में सुविख्यात अर्थशास्त्री प्रो. अम्बिका प्रसाद तिवारी ने कहा कि अमरीका-ईरान युद्ध के कारण ही भारत सहित विश्वभर को तेल और गैस की आपूर्ति में संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसमें मोदी सरकार की कोई गलती नहीं है। उसने तेल का यथासंभव पर्याप्त भंडार बनाकर रखा है, जबकि कंाग्रेस सरकार के समय भारत ने स्वयं जो युद्ध लड़े, उस समय भी ऐसा नहीं किया गया था। जहां तक गैस की आपूर्ति में कमी का प्रश्न है, गैस का भंडारण अधिक समय तक रख सकना संभव नहीं है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए 'समाचार वार्ता' के सम्पादक श्याम कुमार ने कहा कि सरकार ने पाकिस्तानी हमले का 'ऑपरेशन सिंदूर' द्वारा करारा जवाब देकर जब उस ऑपरेशन को रोका था तो उस समय तमाम लोगों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' रोके जाने पर बहुत नाराजगी दिखाई थी। आज अमरीका-ईरान युद्ध के कारण गैस-सिलेंडरों की आपूर्ति में बाधा पड़ने से जो लोग आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं, यदि भारत स्वयं किसी युद्ध में लिप्त हो जाता और उससे तेल, गैस, बिजली, खाद्य सामग्री आदि सभी मामलों में देश में भीषण समस्या उत्पन्न होती, तब उन लोगों का आक्रोश कितने चरम पर होता, समझा जा सकता है। इसी से बुद्धिमान प्रधानमंत्री मोदी जवाहरलाल नेहरू की मूर्खता से पाकिस्तान के कब्जे में चले गए कश्मीर के हिस्से को वापस लेने में जल्दबाजी नहीं कर रहे हैं और देश को उन्नत बनाने पर अपना ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। विश्लेषक हरिप्रकाश 'हरि' ने कहा कि राहुल गांधी एवं उसके चमचे कह रहे हैं कि मोदी को देश चलाना नहीं आता। सच्चाई यह है कि नेहरू खानदान की मूर्खतापूर्ण एवं राष्ट्रविरोधी नीतियों ने देश की ऐसी भीषण दुर्दशा कर डाली थी, जिसे अत्यंत सूझबूझ वाले प्रधानमंत्री मोदी के अलावा अन्य कोई नहीं सुधार सकता था।

पत्रकार राजेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जब बंगलादेश बनाने के लिए युद्ध किया था तो देश में हाहाकार वाली दशा हो गई थी। यहां तक कि उस समय जनता पर अतिरिक्त टैक्स का बोझ लादा गया था। जबकि बांग्लादेश बनने से भारत को कोई लाभ नहीं हुआ, बल्कि नरसंहार का शिकार होकर वहां भी पाकिस्तान की तरह हिंदू खत्म होते जा रहे हैं।

समाजसेवी सुशीला मिश्र ने कहा? कि दीर्घकालीन कंाग्रेसी शासन में देश की यह हालत थी कि सैनिकों के पास जरूरी जूते तक नहीं थे। देश चलाने के लिए विदेश में सोना गिरवी रखना पड़ा था। रक्षामंत्री कहते थे कि सेना के लिए हथियार खरीदने को पैसे नहीं हैं। प्रधानमंत्री कहते थे कि पैसे पेड़ में नहीं उगते। पत्रकार शेखर पंडित ने कहाकि जब सरकार कह रही है कि गैस की कमी नहीं है तो क्यों लोगों को लाइन में देखा जा रहा है? इसका मतलब जमाखोर सक्रिय हैं। सरकार को अपना कमजोर खुफियातंत्र मजबूत कर जमाखोरों के विरुद्ध ऐसी कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए कि अन्य जमाखोरों को सबक मिले। सरकार को निगरानी रखनी चाहिए कि कहीं गैस-सिलेंडरों की आपूर्ति में विलंब तो नहीं हो रहा है। अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किए तथा यह आशंका जताई कि कड़े कदम उठाने पर विपक्ष आरोप लगाने लगेगा कि व्यापारियों को सताया जा रहा है। सरकार के हर कदम की आलोचना करने का विपक्ष को संक्रामक रोग है।

## रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर डॉ. राधेश्याम मिश्रा बनें राष्ट्रीय प्रस्तावना मीडिया समूह के सलाहकार संपादक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन में विगत कई दशक से विभिन्न विभागों में रहकर सेवा कर चुके। राजस्व विभाग से विशेष सचिव के पद से रिटायर्ड, सौम्य, निष्ठावान, कर्तव्यनिष्ठ, और मधुभाषी आध्यात्मिक और धार्मिक विषयों पर विशेष रूचि रखने वाले डॉ. राधेश्याम मिश्रा अब राष्ट्रीय प्रस्तावना सलाहकार संपादक के रूप में अपनी सेवाएं प्रस्तावना मीडिया समूह में देंगे। आइए जानते हैं कौन हैं डॉ. राधे श्याम मिश्रा। डॉ. राधेश्याम मिश्रा, एक प्रतिष्ठित सिविल सेवक, जिन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार में प्रमुख पदों पर अपनी सेवाएँ दी हैं। उन्होंने नीति विश्लेषण, नियामक मामलों और कानूनी अनुपालन में असाधारण नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया है। अपनी दूरदर्शी सोच के लिए प्रसिद्ध, उन्होंने कई परिवर्तनकारी परियोजनाओं का नेतृत्व किया, जिनमें आगरा मेट्रो रेल (पीपीपी मॉडल), ताज ट्रैपेज़ियम ज़ोन का दृष्टिकोण, और प्रमुख ''वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट'' पहल शामिल हैं।

जनसेवा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए, डॉ. मिश्रा को प्रतिष्ठित 'श्रेष्ठ यूपी रत्न' पुरस्कार (2022) से सम्मानित किया गया। बतौर विशेष सचिव (राजस्व) और आगरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, उन्होंने औद्योगिक नीतियों को आकार देने, न्यायिक सुधारों को बढ़ावा देने और डिजिटल गवर्नेंस को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. मिश्रा का अनुभव सार्वजनिक क्षेत्र से परे भी विस्तारित है। वर्तमान में, डॉ. मिश्रा, लेक्स एटोस कंसल्टेंट्स कि फ़ाउंडिंग पार्टनर हैं । लेक्स एटोस कंसल्टेंट्स लीगल एवं बिज़नेस के क्षेत्र में अग्रसर है इसके साथ वह निम्नलिखित भूमिकाएँ निभा रहे हैं: १. एडवाइजर, विजैत्र एयर मोबिलिटी। २. सीनियर बिजनेस कंसल्टेंट, क्विकटच। ३. राष्ट्रीय शासी परिषद सदस्य, ठगइएए यूएनएससी। ४. सलाहकार बोर्ड सदस्य, द डिप्लोमेटिक क्लब। ५. चेयरमैन उत्तर प्रदेश एवं एडवाइज़र, ब्रिज बिजनेस चैंबर्स इंडस्ट्री फ़ेडरेशन। ऊर्जा, मोबिलिटी, टेक्नोलॉजी और वैश्विक कूटनीति पर ध्यान केंद्रित करते हुए, डॉ. मिश्रा अपने क्षेत्र में अद्वितीय अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। उत्कृष्टता और स्थायित्व के प्रति प्रतिबद्ध, वह अब उभरते हुए पेशेवरों को मार्गदर्शन देते हैं, व्यवसायों को रणनीतिक विकास की ओर प्रेरित करते हैं, और वैश्विक स्तर पर सतत विकास के लिए प्रयासरत हैं।

गौरतलब है कि, राधे श्याम मिश्रा का 15 मार्च को जन्मदिन होता है। इस जन्मदिन के अवसर पर प्रस्तावना मीडिया समूह द्वारा समूह के संस्थापक सरंक्षक संजीव श्रीवास्तव और प्रधान संपादक हरिनाथ सिंह ने अधिकृत करते हुए उन्हें जहां नियुक्ति पत्र सौंपा है...वहीं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रस्तावना परिवार की ओर से उन्हें ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं दी है।

## कश्मीर के उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया: सेना

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षा बलों ने कल रात घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम कर दिया और इस ऑपरेशन के दौरान एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। कश्मीर क्षेत्र में इस वर्ष नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की यह पहली कोशिश थी, जिसे शनिवार की रात उरी सेक्टर के बुछार इलाके में जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिली एक विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर नाकाम कर दिया गया। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि 'डिग्गी 2 उरी' नाम का यह ऑपरेशन अभी भी जारी है।

## एक-एक घुसपैठिए को बाहर निकाला जाएगा : अमित शाह

- भाजयुमो के आयोजन में केंद्रीय गृह मंत्री ने विकास, नौकरी और शांति की प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने के लिए भाजपा को वोट देने का किया आह्वान

एजेंसी



गुवाहाटी। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो), असम प्रदेश के सौजन्य से गुवाहाटी के खानापारा स्थित पशु चिकित्सा महाविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित 'युवा शक्ति समारोह' में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कंाग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए राज्य में घुसपैठियों का संरक्षण करने का आरोप लगाया, साथ ही राज्य के सामूहिक विकास के लिए भाजपा को वोट देने का आह्वान किया। रविवार को राज्य के 1.5 लाख से अधिक युवाओं को गृह मंत्री ने संबोधित करते हुए उपरोक्त आह्वान किया।

इस कार्यक्रम में भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और दरंग-उदालगुड़ी निर्वाचन क्षेत्र से सांसद दिलीप सैकिया, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, केंद्रीय मंत्री पवित्र मार्घेरिटा और प्रदेश भाजपा के कई अन्य वरिष्ठ नेता, मंत्री, सांसद एवं विधायक भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

भाजयुमो के इस कार्यक्रम के जरिए आज राज्य के प्रत्येक जिले के युवा मतदाताओं ने भाजपा की चुनावी रणभेरी बजाई।

# ऊर्जा मंत्री के निरीक्षण के बाद जेई निलंबित, उपखंड अधिकारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा के कड़े रुख के बाद जौनपुर जनपद के मडियाहूं विद्युत उपकेंद्र में बड़ी कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान अवर अभियंता (जेई) के अनुपस्थित रहने और कार्यालय में अनियमितताएं पाए जाने पर अधीक्षण अभियंता अनिल पाठक ने अवर अभियंता शहजाद अली को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित उपखंड अधिकारी सौरभ तिवारी को भी चार्जशीट जारी की गई है। ऊर्जा मंत्री ने रविवार को स्पष्ट कहा कि विद्युत व्यवस्था में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि ऊर्जा मंत्री ने शनिवार को जौनपुर जनपद के मडियाहूं विद्युत उपकेंद्र का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान पाया कि कई अभिलेख और लॉगशीट सही तरीके से भरे नहीं गए थे तथा जिम्मेदार अधिकारी मौके पर उपस्थित नहीं थे। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री श्री शर्मा ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत विभाग जनसेवा से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी को पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने और उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही से जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी अधिकारी अपने क्षेत्र में नियमित रूप से निरीक्षण करते रहें।

## दिल्ली से पुलिस गाड़ी में बंदी आया दरोगा भर्ती परीक्षा देने

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। यूपी पुलिस की दरोगा भर्ती की परीक्षा देने दिल्ली से एक बंदी भी लखनऊ आया है। पुलिस उसे गाड़ी में लाई। वह साइबर फ्रॉड के आरोप में दिल्ली सेंट्रल जेल में बंद है। इसी सेंटर पर दो महिला सिपाही नवजात बच्चों को गोद में लेकर परीक्षा ड्यूटी कर रही हैं। शहर के कुल 54 स्कूल और कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। प्रशासन के अनुसार, प्रत्येक पाली में 22,080 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। पहले दिन 44,160 में से 32,212 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। दूसरे दिन की पहली पाली का पेपर देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया- पेपर बहुत आसान था। जो थोड़ा भी पढ़ा होगा, वह क्वालिफाई कर लेगा। जीके-जीएस के मुकाबले मैथ्स-रिजनिंग बहुत सरल आई थी। पेपर आसान होने से मेरिट हाई जाएगी।

# बहाल आईएएस अफसर अभिषेक प्रकाश को मिली तैनाती, बने सचिव सामान्य प्रशासन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। रिश्वत के आरोप के कारण एक वर्ष तक निलंबित रहे आईएएस अफसर अभिषेक प्रकाश को लगभग एक वर्ष बाद निलंबन से बहाल किया गया। शनिवार को उनके निलंबन से बहाल होने के बाद रविवार को उत्तर प्रदेश शासन ने उनकी तैनाती का आदेश जारी कर दिया है। प्रदेश सरकार ने आईएएस अफसर अभिषेक प्रकाश को बहाल कर दिया है। इन्हें सचिव सामान्य प्रशासन बनाया गया है। शनिवार को बहाली को लेकर नियुक्ति विभाग ने आदेश जारी कर दिया था। 15 मार्च से उनकी बहाली के बाद तैनाती का भी आदेश जारी हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सबसे प्रतिष्ठापरक प्रोजेक्ट इन्वेस्ट यूपी के सीईओ रहे 2006 बैच के आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश को रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप में निलंबित किया गया था। उन पर सोलर कंपनी से प्रोजेक्ट मंजूरी के बदले घूस मांगने का आरोप था। इसके बाद प्रदेश सरकार ने उन्हें 20 मार्च 2025 को निलंबित कर दिया था। फरवरी 2026 में साक्ष्य के अभाव में इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने मामले में चार्जशीट रद कर दी थी।अभिषेक प्रकाश15 मार्च से दोबारा सेवा में लौटेंगे, लेकिन उन्हें अभी भी विभागीय जांच का सामना करना होगा। आईआईटी रुड़की से बी-टेक आईएएस अफसर अभिषेक प्रकाश की बहाली को लेकर उत्तर प्रदेश शासन की ओर से आधिकारिक निर्देश शनिवार को जारी किया गया।राज्यपाल की मंजूरी के बाद जारी हुए इस आदेश में कहा गया है कि 14 मार्च 2026 तक की अवधि को ही निलंबन माना जाएगा। वह दोबारा अपनी ड्यूटी ज्वाइन कर सकेंगे। सरकार ने साफ कर दिया है कि सेवा में वापसी के बावजूद उनके खिलाफ चल रही विभागीय जांच जारी रहेगी।

## एलपीजी सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर सरकार के दावे हवा-हवाई : भाकपा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




लखनऊ। भाकपा (माले) ने रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर सरकार के दावे को हवा-हवाई बताया है। मंत्रियों और अधिकारियों के बयानों में एलपीजी सिलेंडर का कोई संकट नहीं है। उनके अनुसार संकट बताने वाले अफवाह फैला रहे हैं। जबकि हकीकत में सिलेंडर के लिए लंबा इंतजार, गैस एजेंसियों के सामने लंबी कतारें और आपूर्ति के अभाव में खान-पान की दुकानों का बंद हो जाना सरकारी दावे को आईना दिखा रहा है। पार्टी के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने रविवार को जारी बयान में कहा कि एलपीजी सिलेंडर के संकट को देख कर नोटबंदी के दिनों की याद ताजा हो गई। तब नकदी के लिए लंबी लाईनों में लगने से लोग बेहोश हो जाते थे और मौतें भी होती थीं। अब इसी तरह का नजारा एलपीजी सिलेंडर के लिए दिख रहा है। हाल ही में फर्रुखाबाद के लाल सराय इलाके में गैस एजेंसी के गोदाम पर सिलेंडर लेने की लंबी लाइन में खड़े रहने के दौरान 75 वर्षीय बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। क्या प्रदेश के बड़बोले उपमुख्यमंत्री इसे भी अफवाह कहेंगे? माले नेता ने कहा कि गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर रोक लगाने में सरकार फ़ेल है। महकमे में भ्रष्टाचार के चलते कालाबाजारी रुक नहीं रही है। यदि मंत्री और अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करने, जनता को रसोई गैस सिलेंडर सहज उपलब्ध कराने व कालाबाजारी रोकने में असमर्थ हैं, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।

## ट्रेन की टक्कर से मजदूर की मौत,पटरी के पास मिला शव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ राजधानी के गोमतीनगर विस्तार इलाके में रविवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई।

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। गोमतीनगर विस्तार क्रॉसिंग के पास रेलवे पटरी के किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत हुई है। पुलिस के अनुसार, शव देखने में किसी मजदूर का लग रहा है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव की पहचान होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# लघु एवं मध्यम समाचार पत्रों की बेहतरी के लिए निदेशक से मिली उप्र मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। लघु एवं मध्यम समाचार पत्रों के प्रकाशन में आ रही बाधाओं के निराकरण हेतु उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के सचिव भारत सिंह ने पदाधिकारियों के साथ सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह से वार्ता की। निदेशक ने समिति को आश्वस्त किया कि सुचारू रूप से सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति द्वारा निदेशक विशाल सिंह से वार्ता के दौरान अवगत कराया गया कि लघु एवं मध्यम समाचार पत्रों के लिए शासन द्वारा विज्ञापन मद में जारी धनराशि बड़े प्रकाशकों को न जारी कर उन्हें उपलब्ध कराया जाए जिससे सरकार की योजनाओं और परियोजनाओं को प्रचार के माध्यम से पाठकों तक पहुँचाया जा सके। इसके अलावा एक बड़ी संख्या है जिन्हें विज्ञापन न मिलकर लघु एवं मध्यम के कुछ प्रकाशकों को अनवरत विज्ञापन जारी किया जा रहा है, ऐसा भेदभाव न हो बल्कि रूटीन बनाया जाए। समिति के पदाधिकारियों ने निदेशक श्री सिंह से वार्ता में यह बात भी रखी कि मासिक पत्रिकाओं का विज्ञापन न रोका जाए तथा लघु एवं मध्यम समाचार पत्रों को एजेंसी से विज्ञापन जारी कराने की बजाए सीधा विभाग द्वारा दिया जाए, क्योंकि भुगतान अत्यधिक समय तक लम्बित रहता है। निदेशक श्री सिंह ने आश्वस्त किया कि मासिक पत्रिकाओं के सम्बन्ध में शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि ऐड एजेंसियों को निर्देश जारी कर दिया गया है कि जब तक पिछले भुगतान की एनओसी नहीं जारी करेंगे तब तक उन्हें नया कार्य आवंटित नहीं किया जाएगा। समिति के सचिव भारत सिंह ने बताया कि संवाददाताओं, समाचार पत्र-पत्रिकाओं, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं समाचार एजेंसियों की बेहतरी के लिए विभाग व शासन से समय-समय समिति वार्ता करती रहेगी।

समिति के उपाध्यक्ष आकाश शेखर शर्मा, कोषाध्यक्ष आलोक कुमार त्रिपाठी, संयुक्त सचिव अनिल सैनी, कार्यकारिणी सदस्यों में नवेद शिकोह, वेद दीक्षित, भूपेन्द्र मणि त्रिपाठी, राघवेन्द्र सिंह, सुयश मिश्रा और रेनू निगम ने भी निदेशक श्री सिंह से वार्ता की।

## राजधानी में सुबह हल्की बूंदाबांदी, दोपहर में तेज धूप

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सुबह घने बादल छाए थे। तड़के धूलभरी आंधी चली। गरजने के साथ हल्की बूंदाबांदी भी हुई जिससे मौसम हल्का ठंडा हो गया। मौसम विभाग ने बादलों की गरज-चमक के साथ हल्की बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। दिन चढ़ने के साथ ही धूप तेज हो गई। दोपहर 1.30 बजे कड़ी धूप रही। बारिश से तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। आज अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। रविवार को अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 18.5 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और इसकी क्षोभमंडल में पुरवा हवाओं के संभावित प्रतिक्रिया के मद्देनजर प्रदेशभर में अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। आगामी 3 दिनों के दौरान 2-4 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है।

## यूपी एसआई भर्ती परीक्षा विवाद, पंडित को अवसरवादी बताने के खिलाफ दी तहरीर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित यूपी एसआई भर्ती परीक्षा में पंडित को अवसरवादी बताने वाले प्रश्न के जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर रविवार को लखनऊ के हजरतगंज थाने में तहरीर दी गई है। तहरीर में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। इंस्पेक्टर, हजरतगंज के मुताबिक बुलन्दशहर के रहने वाले गौ सेवक दिनेश शर्मा की तरफ से यूपी एसआई भर्ती परीक्षा में पंडित को अवसरवादी बताने के खिलाफ तहरीर दी गई है। जिसका परीक्षण कराया जा रहा है। दरअसल, शनिवार को आयोजित परीक्षा में एक सवाल पूछा गया था कि अवसर के अनुसार बदल जाने वालों के लिए एक शब्द में उत्तर दें। इसके लिए चार विकल्प दिए गए थे- पंडित, अवसरवादी, निष्कपट और सदाचारी...। सवाल के विकल्पों में पंडित शब्द शामिल किए जाने पर आपत्ति जताई गई है। इसके बाद राज्य सरकार ने मामले का संज्ञान लेते हुए इस संबंध में जांच के निर्देश दिए हैं। वहीं मामले को गम्भीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी भर्ती बोर्ड के चेयरपर्सन्स को निर्देश दिया कि किसी भी व्यक्ति, जाति,पंथ, सम्प्रदाय की मर्यादा एवं आस्था के विषय में अमर्यादित टिप्पणी न हो। ऐसी टिप्पणी किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि इसका संज्ञान लेते हुए सभी पेपर सेटर्स को भी निर्देशित करें और हैबिचुअल ऑफेंडर्स को तत्काल प्रतिबंधित किया जाए। यह विषय पेपर सेटर्स के एमओयू का भी हिस्सा बनाएं।

# राजधानी में सपाई बोले, किसी को भूखा नहीं सोने देंगे, उपले बांटे, पुलिस से झड़प

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में सपाइयों ने एलपीजी गैस की किल्लत के बीच उपले बांट कर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। विधान भवन के सामने बापू भवन चौराहे के पास जमीन पर बैठकर ढेर सारे उपले रखकर प्रदर्शनकारी चिल्ला रहे थे, उपले ले लो, उपले ले लो। सपाइयों को उपला बांटता देख मौके पर पुलिस पहुंच गई। प्रदर्शन कर रहे राम प्रकाश मौर्या ने कहा सिलेंडर की कीमत से आम जनता परेशान है। सरकार को गरीबों की आम जनता की कोई चिंता नहीं है। भाजपा के अच्छे दिनों का सिलेंडर हमारे घरों के किचन से खाली हो गया है। हम लोग वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में विधान सभा पर निशुल्क उपले बांट रहे हैं। भारी मात्रा में हमारे पास उपले का स्टॉक मौजूद है। हमने अपने गांव के लोगों से कहकर उपले तैयार करवाए हैं। गांव से लाकर उपले शहरों में बांट रहे हैं। प्रतिदिन अपने गांव से उपले लाकर शहर में बाटेंगे और किसी को भी भूखा नहीं रहने देंगे। भाजपा भूख से तड़पा-तड़पा कर आम जनता को मारना चाहती है। ऐसे संकट के समय में हम देश के साथ खड़े हैं। हम नहीं चाहते हैं कि कोई भी भूखा सोए। प्रवेश यादव ने कहा घरों से सिलेंडर गायब हो गए हैं। भाजपा के यही अच्छे दिन हैं। गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी लाइन लगी हैं। यह बता रहे हैं कि 20 दिन का स्टॉक बचा है। यही अच्छे दिन भाजपा के हैं। हम लोग छात्र हैं। जानते है कि हॉस्टल में और किराए पर रहने वाले छात्रों की स्थिति बेहद खराब है। उनके लिए चुनौती है। कहां से लकड़ी लाएं। कंडे की व्यवस्था करें। अयोध्या जैसी रसोई बंद हो गई। कोई भी एजेंसी देख लीजिए। लंबी-लंबी लाइन लगी है। कंडे की व्यवस्था करके भाजपा सरकार की आंख खोलने का काम करेंगे। समाजवादी छात्र सभा के लोगों को पुलिस ने उपले बांटने से रोका। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। मौके पर पाए गए उपले भी जब्त कर लिए।

## सुन्नी डेलिगेशन की शिया उलमा से मुलाकात खामेनेई की मौत पर जताया दुख

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में सुन्नी प्रतिनिधिमंडल ने शिया धर्म गुरुओं से मुलाकात की। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर गहरा दुख जताया। इस दौरान मिडिल ईस्ट में हो रही जंग को लेकर चर्चा की। अमेरिका-इजराइल के साथ ईरान के युद्ध पर चिंता जताई। बैठक में भारत को अपनी स्थिति स्पष्ट करने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल में अंसारी, तारिक सिद्दीकी, मोहम्मद खालिद, अमीक जामेई, रेहान नईम, जावेद अहमद, आसिफुजमान, हम्माम वहीद और अजीज हैदर ने शिया धर्म गुरु मौलाना सैफ अब्बास, मौलाना यासूब अब्बास मौलाना कल्बे जवाद के साथ सुन्नी धर्म गुरु मौलाना जहांगीर आलम कासमी से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने आवासों पर जाकर मुलाकात की और ईरान में हुए हमलों में सीनियर लीडरों की शहादत पर गम का इजहार किया। प्रतिनिधि मंडल ने कहा पश्चिमी-इजराइली हमलों में सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनेई की मौत सभी लोगों के लिए बेहद दुखद है। मानवता के दृष्टिकोण से इतना बड़ा नुकसान है कि जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। आयतुल्लाह सिर्फ ईरान या शिया समुदाय के लीडर नहीं बल्कि पूरे मुस्लिम जगत ने उन्हें अपना लीडर स्वीकार किया है। खामेनेई पूरे विश्व में जहां भी अन्याय होता था आवाज उठाते लड़ाई लड़ते थे। प्रतिनिधि मंडल में शामिल अनीस अंसारी ने कहा सिर्फ दुख में शामिल नहीं हो रहे है, बल्कि शिया-सुन्नी एकता का संदेश लाए हैं। आयतुल्लाह खामेनेई का ख्वाब था कि शिया और सुन्नी एक हो। आज हम उसी ख्वाब को हकीकत में बदलने की कोशिश कर रहे हैं।

# राजधानी में हाउस टैक्स के लिए जागरूकता रैली निकाली

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। राजधानी लखनऊ में हाउस टैक्स जमा करने को लेकर नगर निगम जोन- 3 में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जोनल सेनेटरी ऑफिसर मनोज कुमार यादव ने ई-रिक्शा और स्वच्छता वाहनों के माध्यम से 6 वार्डों में जागरूकता रैली निकाली। मौके पर लाउडस्पीकर के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया। उनका कहना है कि 31 मार्च 2026 तक गृहकर जमा कर दें। नहीं तो वित्त वर्ष खत्म होने के बाद में बकाएदारों पर 12 फीसदी ब्याज लगाने का निर्देश दिया। नगर निगम ने नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया कि नवरात्रि और ईद के अवकाश के बावजूद नगर निगम के जोन-3 सहित सभी जोनल कार्यालय सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे। इससे नागरिक समय पर टैक्स जमा कर सकेंगे। जोनल अधिकारी ने कहा कि 31 मार्च तक हाउस टैक्स जमा न करने वालों के खिलाफ नगर निगम सख्त कार्रवाई करेगा। न केवल 12 प्रतिशत ब्याज जोड़ा जाएगा, बल्कि आवश्यक कानूनी कदम भी उठाए जाएंगे। नगर निगम लखनऊ ने सभी लोगों से अपील कि वे अपने बकाया हाउस टैक्स का समय पर भुगतान करें ताकि किसी भी तरह की आर्थिक दंड या कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके। टैक्स भुगतान से शहर के विकास कार्यों को गति मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। यह अनोखी जागरूकता पहल लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। कई नागरिकों ने इस प्रयास की सराहना की और कहा कि ऐसे अभियानों से लोग समय पर टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित होंगे।

# मायावती ने जयंती पर कांशीराम को किया याद, सपा के पीडीए को बताया छलावा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नक्शेकदम पर चलने वाली बसपा 'बहुजन समाज' के हित कल्याण व उत्थान के लिए असली पार्टी है। जबकि सपा व अन्य विरोधी पार्टियों की कथनी और करनी में भारी अंतर है। ऐसी पार्टियों के छलवा और दिखावा से सावधानी बरतना जरूरी है।

बसपा प्रमुख मायावती रविवार को माल एवेन्यू स्थित केंद्रीय कैम्प कार्यालय में कंाशीराम के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देने के बाद वरिष्ठ नेताओं को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधा। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि दलितों, अन्य पिछड़ों व मुस्लिम समाज आदि का हर स्तर पर शोषण करने वाली पार्टियों में से खासकर सपा व अब इनका पीडीए प्रेम विशुद्ध छलावा है। इनको इन वर्गों व इनके महापुरुषों की याद केवल चुनाव के समय में ही आती है। सरकार बन जाने के बाद वह भी दूसरी पार्टियों की इन वर्गों का तिरस्कार कर देती है। इन पार्टियों का इतिहास है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज के इन पार्टियों से काफी हद तक अलग होने व ब्राह्मण समाज के भी बसपा से जुड़ने से सपा का राजनीतिक व जातिवादी बैर भाव बढ़ता जा रहा है। कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बहुजन समाज के लोगों से अपील की है कि इन पार्टियों के हर प्रकार के छलावा व दिखावा से सावधानी बरतना जरूरी है। इतना ही नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर को भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया। वर्तमान में केंद्र की भाजपा सरकार भी मान्यवर कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित करने में देरी कर रही है।

बसपा प्रमुख ने कहा कि देश में संविधान के अनुसार समतामूलक समाज तैयार करने के मामले में उनका योगदान ऐतिहासिक है और इस कारण वे लोगों के दिलों में बसते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि बहुजन समाज के लोग बसपा मूवमेंट से जुड़कर मिशनरी अम्बेडकरवादी बनें। अपने वोटों की शक्ति से सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करें। उल्लेखनीय है कि मायावती के निर्देश पर राजधानी लखनऊ के कांशीराम स्मारक स्थल पर प्रदेश के 12 मंडलों और नोएडा में छह मंडलों के कार्यकर्ताओं और समर्थकों का जमावड़ा लगा। राजधानी में आयोजित कार्यक्रम को बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल समेत कई पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

# कांशीराम की जयंती पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि





राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** समाजबादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शराफत अली की अध्यक्षता में नगर पालिका में पार्टी कार्यालय पर दलित शोषित वंचित बहुजन आंदोलन के प्रमुख स्तंभ भारतीय राजनेता एवं समाज सुधारक काशीराम की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर और भारत के संविधान को नमन कर बनाई गई आज के कार्यक्रम में पूर्व सासंद उषा वर्मा, पूर्व विनायक राजेश्वरी देवी बृजेश वर्मा टिल्लू उपस्थित रहे जिला कायलिय पर एक जनसभा का भी आयोजन किया गया, जिसको पार्टी के पल पदाधिकारियों ने भी सम्बोधित किया जिला अध्यक्ष शराफत अली ने कहा कि काशीराम ने वंचित शोषित, पीड़ित समाज के नायक थे। उन्होने वोट की चोट से जनता को उसके मौलिक अधिकारों के लिए लड़ना सिखाया जिला उपाध्यक्ष फूलचंद वर्मा ने कहा कांशीराम का मुख्य नारा था बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय। उनके प्रमुख कार्य में उन्होंने दलित और पिछड़े वर्ग को राजनीतिक रूप से जागरूक किया। सईद अहमद ने कहा कांशीराम जी का जीवन सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। उनके विचार आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं। इस मौके पर पार्टी के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## किसान की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हुई मौत, दो मासूम गम्भीर रूप से झुलसे



परिजनों से जानकारी लेते पुलिसकर्मी। फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना



फाइल फोटो मृतक अवधेश सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरपालपुर (हरदोई)।** अरवल थाना क्षेत्र के अंतर्गत खैरूद्दीनपुर राजा साहब गांव में रविवार को प्रकृति का कहर टूटा। यहाँ खेत में काम कर रहे एक किसान की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई, जबकि उनके दो मासूम बेटे गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों बच्चों का अस्पताल में उपचार जारी है, जहाँ उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी अवधेश सिंह (45) पुत्र राम सिंह, रविवार सुबह अपने दोनों बेटों के साथ खेत पर गए थे। सुबह करीब 11 बजे अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। बारिश की आशंका को देखते हुए अवधेश सिंह अपने बेटों के साथ खेत में खुदी पड़ी आलू की फसल को पन्नी से ढंकने का प्रयास कर रहे थे ताकि फसल बर्बाद न हो।



आकाशीय बिजली की चपेट में आने से झुलसा शोभित। फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

इसी दौरान तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली सीधे उन पर गिर गई। बिजली गिरने से अवधेश सिंह और उनके दो बेटे, शोभित (11) और अमन (08) बुरी तरह झुलस गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने आनन-फानन में तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरपालपुर पहुँचाया। जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद अवधेश सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहींए दोनों मासूमों की गंभीर हालत को देखते हुए उनका इलाज शुरू किया गया।

अवधेश सिंह की असामयिक मृत्यु से परिवार में मातम छा गया है। मृतक अपने पीछे पत्नी स्नेहलता और छह पुत्रों का भरा.पूरा परिवार छोड़ गए हैं। अस्पताल पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों की आँखों में आंसू थे और पूरे गांव में शोक की लहर है। सीएचसी प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं। हरपालपुर के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## झाबरपुरवा में पांच दिवसीय बुद्ध धम्म ज्ञान वर्ष शुरू

**पिहानी (हरदोई) (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** विकासखंड ग्राम झाबरपुरवा स्थित अम्बेडकर पार्क में पांच दिवसीय बुद्ध धम्म ज्ञान वर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 13 मार्च से 17 मार्च 2026 तक चलेगा, जिसमें क्षेत्र के धम्म उपासक-उपासिकाएं और ग्रामीण बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के तहत बुद्ध, धम्म और संघ की शिक्षाओं पर आधारित प्रवचन, गीत-संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को ज्ञान और सामाजिक समरसता का संदेश दिया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य महापुरुषों के विचारों को जन.जन तक पहुंचाना तथा समाज में शांति, समता और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। आयोजन में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक और रात्रि 8 बजे से रात 1 बजे तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कथावाचक अवधेश कुमार पंकज कर रहे हैं, जबकि इसका निर्देशन देशराज सिंह बौद्ध द्वारा किया जा रहा है। भोजपुरी गायक लाला भारती अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहे हैं। इस आयोजन में राजीव कुमार, फूलचन्द्र, संजय, मनोज, किशोरीलाल, भगवानदीन, दिवेश, विपिन, विपनेश, देशराज और रविन्द्र सहित कई अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम के सफल संचालन और व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित कराने में विपनेश का विशेष सहयोग रहा, जिसकी क्षेत्रीय लोगों द्वारा सराहना भी की जा रही है। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में पहुंचकर धम्म उपदेशों को सुन रहे हैं। आयोजन समिति ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। इस आयोजन में समस्त ग्राम व क्षेत्रवासी सहयोग कर रहे हैं।

## दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपी

**हरपालपुर (हरदोई) (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** थाना पुलिस ने नई दिल्ली के थाना नागलोई में दर्ज दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्वाई की हैं। पुलिस के अनुसार, थाना नागलोई नई दिल्ली में दर्ज जीरो एफआईआर अंतर्गत दुष्कर्म की धारा एवं पॉक्सो एक्ट के तहत आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही थी। आरोप है कि आरोपी ने थाना हरपालपुर क्षेत्र के गांव की एक पीड़िता जो नई दिल्ली के थाना नागलोई अंतर्गत रह रही है, के साथ दुष्कर्म किया था। जिससे वह गर्भवती हो गई थी, पीड़िता ने नागलोई थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नवजात को जन्म दिया, नवजात की मृत्यु हो जाने के आधार पर सुसंगत धाराओं में जीरो एफआईआर दर्ज की गई। घटनास्थल हरपालपुर क्षेत्र का होने की वजह से जांच हरपालपुर थाने को ट्रांसफर की गई। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में थाना हरपालपुर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी, पुलिस ने आरोपी अमन सिंह को रविवार सुबह गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि मामले में अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-केशवन, विकास खण्ड-अहिरोरी, जनपद-हरदोई

पत्रांक- मेमो/मनरेगा/2025-26 दिनाँक-15.03.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

कार्यालय ग्राम पंचायत-केशवन, विकास खण्ड-अहिरोरी, जनपद- हरदोई द्वारा मनरेगा से कराए जाने वाले निम्नलिखित कार्यो की सामग्री (सीमेण्ट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट, रोड़ा, ईट प्रथम आदि) आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनाँक-16.03.2026 से 23.03.2026 को 03:00 बजे तक प्राप्त कर जमा कर सकते है। प्राप्त निविदाएं दिनाँक-23.03.2026 को समिति द्वारा सायं 04:00 बजे कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | विजय पाल के घर से गुलजारी के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 947228.00 |

नोट- नियम व शर्ते निम्नवत् है-

1- निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त हुयी किसी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
2- निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी।
3- बिना बताये किसी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4- निविदा फार्म पर उल्लेखित साफ शब्दों में अंकित करें।
5- धन की उपलब्धता पर कार्य कराया जायेगा।
6- कार्यो की कटौती प्रावधान/ लागू दरों की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
7- प्राविधारित कार्यो / सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है।
8- समस्त सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर की जाएगी।

(कुलदीप)
प्रधान
ग्राम पंचायत-केशवन,
विकास खण्ड- अहिरोरी, हरदोई

(उज्जवल यादव)
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-केशवन,
विकास खण्ड- अहिरोरी, हरदोई


## बेसिक शिक्षक परिवार द्वारा आयोजित सुंदरकांड में झूमे श्रद्धालु

**हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** बेसिक शिक्षक परिवार हरदोई के तत्वावधान में शनिवार को वैभव लान में नवम भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। लखनऊ से पधारे भजन गायक शशांक सागर व उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत संगीतमयी सुंदरकांड का भक्तों ने रसपान किया।

■ रामलला एवं बालाजी की झांकियां देख मंत्रमुग्ध हुए भक्त

कार्यक्रम में भगवान श्रीराम और हनुमान जी की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिन्हें देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा.अर्चना के साथ हुई। इसके बाद सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भजन-कीर्तन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और कार्यक्रम स्थल राम नाम के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर सुंदर झांकियों के माध्यम से रामायण के विभिन्न प्रसंगों का जीवंत प्रदर्शन किया गयाए जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। कन्या भोज का आयोजन कर कन्याओं को उपहार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसादी भोज वितरित किया गया। इस मौके पर बेसिक शिक्षक परिवार के सदस्य व नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## काले बादलों से बढ़ी किसानों की धड़कने, बारिश व ओलों का डर

**कछौना (हरदोई) (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** क्षेत्र में रविवार सुबह से ही आसमान में बिजली की कड़क और बादलों की तेज गर्जना ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। हल्की बूंदाबांदी के साथ बदले मौसम के मिजाज ने खेतों में खड़ी गेहूं की तैयार फसल को लेकर किसानों के चेहरों पर मायूसी ला दी है। वर्तमान में गेहूं की फसल पूरी तरह पककर तैयार है और किसान कटाई की तैयारियों में जुटे हैं। ऐसे में अचानक बदले मौसम ने उनकी मेहनत पर पानी फिरने का डर पैदा कर दिया है। किसानों का मानना है कि यदि तेज बारिश या ओलावृष्टि होती है, तो गेहूं की बालियां खेत में गिर जाएंगी और दाने काले व खराब हो सकते हैं, जिससे उनकी गुणवत्ता और पैदावार दोनों प्रभावित होगी। क्षेत्र के प्रमुख किसानों ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया कि पिछले वर्ष भी बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने फसल को पूरी तरह तबाह कर दिया था। उस समय हुए भारी आर्थिक नुकसान से किसान अभी तक उबर नहीं पाए हैं, अगर पिछले साल की तरह इस बार भी बारिश हुईए तो हमारी गेहूं की फसल बर्बाद हो जाएगी और हमारे पास कोई सहारा नहीं बचेगा। सुबह की हल्की बारिश के बाद कई किसान खेतों की मेड़ पर खड़े होकर आसमान के साफ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि मौसम अगले कुछ दिनों तक साफ रहता हैए तो वे जल्द से जल्द कटाई संपन्न कर फसल को सुरक्षित खलिहानों तक पहुंचा सकेंगे। फिलहालए बादलों की लगातार गर्जना ने किसानों के दिलों में अनहोनी का डर बिठा रखा है।



## रामपुर बाजार में दो गुटों के नशेड़ियों ने जमकर मारपीट हुई बेल्टों की मार से कई घायल

**मल्लावाँ (हरदोई) (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कोतवाली के अंतर्गत ग्राम रामपुर में नशेड़ियों का आतंक देखने को मिला एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें साफ-साफ देखा जा सकता है की शनिवार शाम को दो गुटों के नशेड़ियों में जमकर चलें बेल्ट जिसमें कई घायल होने कि संभावना है। मिली जानकारी के अनुसार ठम्मरपुर और नोनार के नशेड़ियों के द्वारा जमकर मारपीट हुई जिसमें राहगीरों व दुकानदारों को भी आप शब्द कहे गए। नशेड़ियों का अड्डा बना रामपुर तिराहा प्रशासन बना मुक नशेड़ियों ने समाज में भय फैला रखी है जिसका कोई भी जिम्मेदार नहीं है। खोजबीन हो रही है ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाए जो प्रशासन की धज्जियां उड़ाने पर तुले हुए हैं।

■ खुलेआम नशेड़ियों का रौब प्रशासन मौन इन पर कोई कार्यवाही नहीं

## अस्पताल पर धन उगाही का आरोप: डॉक्टर ने बताया बदनामी की साजिश, जांच की बात कही

**पिहानी (हरदोई) (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** कस्बा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पिहानी में धन उगाही के आरोप लगे हैं। इन आरोपों को अस्पताल प्रबंधन ने डॉक्टरों को बदनाम करने की साजिश बताया है। अस्पताल के डॉक्टर जितेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि यह मामला जांच का विषय है और महिला डॉक्टर पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। डॉ० जितेंद्र श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि उनके अस्पताल में आज तक कभी भी धन उगाही का कोई मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने इन आरोपों को डॉक्टरों को बदनाम करने की एक नई साजिश करार दिया। डॉ० श्रीवास्तव ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसी कोई गतिविधि सामने आती है, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि चाहे पुरुष डॉक्टर हो या महिला डॉक्टर, पैसे की मांग करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के गलत संदेह न फैलाएं। डॉ० श्रीवास्तव ने जोर देकर कहा कि यदि किसी प्रकार का मामला सामने आता है, तो उसके खिलाफ निश्चित रूप से कानूनी कार्रवाई की जाएगी, लेकिन जबरदस्ती किसी पर इल्जाम नहीं लगाए जा सकते।



# सड़क से लेकर संसद तक लड़ेंगे पेंशनर्स की लड़ाई: एसपी सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना



बैठक को संबोधित करते संगठन के जिला अध्यक्ष एसपी सिंह व अन्य

**सण्डीला (हरदोई)।** सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक संगठन के जिलाध्यक्ष एसपी सिंह के नेतृत्व में संडीला में आयोजित की गई! जिसमें सेवानिवृत कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के हितों की मांगों को प्रमुखता से रखा गया! मांग पूरी न होने पर आर पार की लड़ाई की चेतावनी दी! पेंशनर्स की लंबित मांगों के लिए संघर्ष तेज होने के संकेत देते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष एसपी सिंह ने कहा कि सेवानिवृत कर्मचारियों एवं पेंशन भोगियों के संघर्ष की लड़ाई अब सड़क से लेकर संसद तक लड़ी जाएगी! उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि पेंशनर्स की समस्याओं का स्थाई समाधान नहीं हो जाता तो लड़ाई आर पार की होगी!

शनिवार को सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश प्रदेश के लाखों पेंशनर्स आज आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं! महंगाई लगातार बढ़ रही है लेकिन पेंशन में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो रही है जिससे बुजुर्गों का जीवन कष्टदाई होता जा रहा है! उन्होंने कहा कि सरकार को पेंशनर्स की उपेक्षा बंद करके उनके सम्मानजनक जीवन जीने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए! विभिन्न मांगों को उठाते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक मुद्दा नहीं है बल्कि सम्मान और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ा विषय है! उन्होंने कहा कि पेंशनर्स ने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय देश व समाज की सेवा में लगाया है इसलिए उन्हें बदहाल स्थिति में छोड़ना न्याय संगत नहीं है! बैठक में उपस्थित पेंशनर्स ने अपनी समस्याएं साझा की और कहा कि चिकित्सा सुविधाओं में कमी महंगाई भत्ता पेंशन संशोधन और अन्य लाभों को लेकर मांगे लंबे समय से लंबित है! संगठन के पदाधिकारीयों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र समाधान नहीं किया तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा! बैठक में निर्णय लिया गया कि पेंशनर्स अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौपेंगे धरना प्रदर्शन करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर बड़े स्तर पर आंदोलन के लिए भी बाध्य होंगे! बैठक के अंत में पेंशनर्स के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया बैठक में गजेंद्र पाल सिंह एसके मिश्रा बीपी सिंह शिवनारायण लाल राजपाल सिंह राठौर मेवालाल वर्मा प्रभाशंकर द्विवेदी बलराम दीक्षित सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी पेंशन भोगी व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण महाभियान आयोजित हुआ



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**माधौगंज (हरदोई)।** कस्बे के मां फूलमती मां सरस्वती इण्टर कॉलेज में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान आयोजित हुआण् आयोजन से भाजपाइयों में नई ऊर्जा का संचार किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन करके किया गया। प्रथम चरण में सामूहिक रूप से सभी भाजपाइयों ने सर्वप्रथम वंदे मातरम गीत गाया। मुख्य वक्ता भाजपा जिला मंत्री अविनाश पाण्डेय ने कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि शीर्षक पर अपना उद्बोधन देकर सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज हिन्दू द्वारा की गई। द्वितीय चरण में अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक एवं सदस्य प्रदेश कार्य समिति भाजपा अशोक सिंह ने इतिहास विकास शीर्षक पर विस्तृत चर्चा कर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। वरिष्ठ भाजपा नेता अभय शंकर शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए संवाद सद्भावना सेवा भाव संतुलन संयम समन्वय और सकारात्मक सोच स्थापित करने की प्रेरणा दी। प्रशिक्षण महाभियान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी संजय सिंह गुड्डू ने कार्य पद्धति शीर्षक पर विस्तृत प्रकाश डाला। बूथ प्रबंधन व मन की बात एवं टिफिन बैठक शीर्षक पर मुख्य वक्ता जिला प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी ने कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा। जिसकी अध्यक्षता आचार्य सतीश मिश्र द्वारा की गई। सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन शीर्षक पर आलोक शुक्ला जिला संयोजक श्रम प्रकोष्ठ हरदोई ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने की डिजिटल तकनीक बताई। जिसकी अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश वर्मा ने की। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष आनंद सैनी ने सभी अतिथियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का पटुका पहनाकर स्वागत किया। अंत में सामूहिक राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रामनरेश आर्य द्वारा किया गया। मण्डल महामंत्री प्रमोद गुप्ता ने प्रशिक्षण अभियान में आए सभी वरिष्ठ सम्मानित कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व मण्डल अध्यक्ष अरविंद सिंह एबाल गोविंद गुप्ता, नंदकिशोर कनौजिया, विनोद कुशवाहा, जितेन्द्र शुक्ला, डेविड शानू रामकिशोर शर्मा आदि शामिल रहे।

## बढ़ती महंगाई एवं घरेलू गैस की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

राष्ट्रीय प्रस्तावना



ज्ञापन सौंपते आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष व अन्य फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** बढ़ती महंगाई एवं एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि के विरोध में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष आशुतोष पाठक अपने दर्जनों समर्थकों के साथ कलेक्ट परिसर में पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा! उन्होंने नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार के विरोध में जमकर नरेबाजी की! अपना तर्क देते हुए उन्होंने कहा जिस तरह से दिन प्रतिदिन महंगाई और गैस सिलेंडर की कीमतों वृद्धि व अनुपलब्धता होती जा रही है बड़े शहरों में ज्यादातर होटल और रेस्टोरेंट बंद हो गए हैं और बाकी के बंद होने की कगार पर है जिससे छोटे बड़े कारोबारियों के सामने बहुत संकट खड़ा हो गया है बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर की कीमतों में हो रही वृद्धि के लिए उन्होंने भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया! आम आदमी का आरोप है कि वर्तमान की भाजपा सरकार अमेरिका के दबाव में रूस से सस्ता तेल खरीदने में कमी के कारण देश को लगभग 8 लाख करोड रुपए का वार्षिक नुकसान हो रहा है! इसके साथ ही घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में की गई हालिया वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए पेट्रोल डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए ठोस और पारदर्शी योजना बनाई जाए गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को रसोई गैस पर विशेष सब्सिडी प्रदान की जाए और महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार स्पष्ट और जवाबदेही नीति घोषित करने की माँग की।

# मण्डल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया



**हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अन्तर्गत मझिया व् पिहानी पब्लिक स्कूल हरदोई में मण्डल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र का शुभारम्भ मुख्य वक्ता सदस्य राष्ट्रीय परिषद व् क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र अनु मोर्चा पीके वर्मा व् उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व् श्यामा प्रसाद मुख़र्जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि समर्पित कर किया गया। इस अवसर पर सत्र के विषय भारतीय जनता पार्टी के इतिहास विकास पर विस्तृत चर्चा करते हुएए मुख्य वक्ता पीके वर्मा ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण वर्ग मे प्रमुख रुप से मण्डल अध्यक्ष अमित त्रिवेदी, सत्र अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, अभियान संयोजक रामबक्स राठौर, वर्ग प्रभारी नागेन्द्र सिंह राठौड़, सह संयोजन राहुल मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह, सत्र अध्यक्ष पीयूष शुक्ला, महामन्त्री दिनेश पाल, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, अनुराग द्विवेदी, प्रभाकर मिश्रा, स्वस्तिक प्रताप सिंह व् रामबाबू शुक्ला सहित मण्डल तथा शक्ति केंद्र पदाधिकारी एवं सक्रिय भाजपा सदस्य उपस्थित रहे।


CHANGE OF NAME

I, MOHAMMAD ASLAM (Old Name) S/O HAMID ALI Residing at Kanhai Purwa Hardoi (Gramin) HARDOI UP 241001. hereby declare that I have my Name as MOHD ASLAM (New Name) S/O HAMID ALI.

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै ब्रजेश कुमार पुत्र नगई, पता-ग्राम व पोस्ट बेरुआ, जनपद हरदोई का निवासी हूँ। मेरी बीमा पालिसी संख्या-224404735 में ब्रज किशोर चौरसिया पुत्र रामप्रसाद अंकित है, जब कि मेरे आधार कार्ड सहित अन्य अभिलेखों में ब्रजेश कुमार पुत्र नगई दर्ज है। मुझे उक्त दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है।

ब्रजेश कुमार पुत्र नगई,
पता-ग्राम व पोस्ट बेरुआ, जनपद हरदोई

## संकट में ऊर्जा

आज की दुनिया को अक्सर श्वैश्विक गांवश कहा जाता है। तकनीक, व्यापार और संचार के विस्तार ने देशों को इतना परस्पर जुड़ा हुआ बना दिया है कि विश्व के किसी भी हिस्से में घटित घटना का प्रभाव सीमाओं से परे जाकर अन्य देशों तक पहुंच जाता है। पश्चिम-एशिया में हाल ही में बढ़े सैन्य तनाव और युद्ध की स्थिति ने इस वास्तविकता को एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई और उसके बाद उत्पन्न भू-राजनीतिक संकट ने केवल क्षेत्रीय सुरक्षा को ही नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और आर्थिक स्थिरता को भी प्रभावित किया है। इसका असर भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देशों पर विशेष रूप से दिखाई दे रहा है। पश्चिम एशिया विश्व की ऊर्जा राजनीति का केंद्र माना जाता है। तेल और गैस के विशाल भंडार के कारण यह क्षेत्र दशकों से वैश्विक अर्थव्यवस्था की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करता रहा है, लेकिन जब भी इस क्षेत्र में संघर्ष या अस्थिरता पैदा होती है, तो उसका सीधा असर वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। वर्तमान संकट के कारण अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में बाधा उत्पन्न हुई है, जिसका प्रभाव कई देशों के साथ-साथ भारत पर भी दिखाई देने लगा है। भारत में एलपीजी (लिक्वीफाइड पैट्रोलियम गैस) गैस-सिलेंडरों की आपूर्ति में देरी, बुकिंग की अवधि में वृद्धि और होटल-रेस्टोरेंट उद्योग में गैस की कमी जैसी समस्याएं इसी व्यापक संकट की ओर संकेत करती हैं। भारत की ऊर्जा संरचना को समझे बिना इस समस्या की गंभीरता को नहीं समझा जा सकता। भारत विश्व के सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ताओं में से एक है, लेकिन उसकी घरेलू ऊर्जा उत्पादन क्षमता अभी भी सीमित है। एलपीजी की मांग का बड़ा हिस्सा आयात से पूरा किया जाता है और इन आयातों का अधिकांश भाग पश्चिम एशियाई देशों से आता है। ऐसी स्थिति में यदि उस क्षेत्र में युद्ध या परिवहन मार्गों में बाधा उत्पन्न होती है, तो उसका सीधा प्रभाव भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ना स्वाभाविक है। भारत में रसोई गैस केवल एक घरेलू ईंधन नहीं रह गई है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है। पिछले दशक में विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से करोड़ों परिवारों को श्एलपीजीश कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम हुई है, लेकिन इस बढ़ती सहूलियत के साथ-साथ आयात पर बढ़ती निर्भरता भी एक चुनौती बनकर सामने आई है। यदि वैश्विक संकट के कारण गैस की आपूर्ति प्रभावित होती है, तो इसका असर केवल घरों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि छोटे व्यापार, होटल-रेस्टोरेंट उद्योग और खाद्य क्षेत्र पर भी पड़ता है। ऊर्जा संकट का आर्थिक प्रभाव भी कम गंभीर नहीं होता। ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। परिवहन, उद्योग और उत्पादन की लागत बढ़ जाती है, जिससे वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ती हैं। इसका सबसे अधिक प्रभाव आम नागरिकों पर पड़ता है। इसलिए ऊर्जा आपूर्ति में किसी भी प्रकार की अनिश्चितता किसी भी देश की आर्थिक स्थिरता के लिए चुनौती बन सकती है। ऐसी परिस्थितियों में भारत की विदेश नीति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है और उसकी विदेश नीति परंपरागत रूप से संतुलन, संवाद और शांति के सिद्धांतों पर आधारित रही है। भारत के संबंध पश्चिम-एशिया के लगभग सभी प्रमुख देशों के साथ हैं - चाहे वह इजराइल हो, ईरान हो या अरब देश। इसलिए भारत के सामने चुनौती यह है कि वह अपनी कूटनीतिक संतुलन क्षमता को बनाए रखते हुए क्षेत्र में शांति और स्थिरता की दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाए। भारत की विदेश नीति का मूल आधार हमेशा से यह रहा है कि वह किसी भी संघर्ष में पक्ष लेने के बजाय संवाद और कूटनीति के माध्यम से समाधान का समर्थन करे। आज भी यही दृष्टिकोण सबसे उपयुक्त प्रतीत होता है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत युद्ध के बजाय बातचीत, संघर्ष-विराम और बहुपक्षीय सहयोग का समर्थन करता है। भारत की छवि एक जिम्मेदार और शांति-समर्थक राष्ट्र की रही है और इस संकट के समय भी उसे इसी दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। हालांकि केवल कूटनीति ही पर्याप्त नहीं है। ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना भी उतना ही आवश्यक है। भारत को अपनी ऊर्जा नीति में दीर्घकालिक सुधार करने होंगे। इसके अंतर्गत ऊर्जा स्त्रोतों का विविधीकरण अत्यंत आवश्यक है, ताकि देश किसी एक क्षेत्र या देश पर अत्यधिक निर्भर न रहे। इसके साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जाकृजैसे सौर और पवन ऊर्जा का विस्तार भी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई और उसके बाद उत्पन्न भू-राजनीतिक संकट ने केवल क्षेत्रीय सुरक्षा को ही नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और आर्थिक स्थिरता को भी प्रभावित किया है। इसका असर भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देशों पर विशेष रूप से दिखाई दे रहा है। पश्चिम एशिया विश्व की ऊर्जा राजनीति का केंद्र माना जाता है। तेल और गैस के विशाल भंडार के कारण यह क्षेत्र दशकों से वैश्विक अर्थव्यवस्था की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करता रहा है।**

# डिजिटल अलगाव नहीं अब परिवेश से जुड़ाव की ओर जूमर्स

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

जूमर्स का इतनी जल्दी आभासी दुनिया से मोहभंग होगा, यह समझ से परे है पर टचिंग ग्रास की हालिया रिपोर्ट से यही सामने आ रहा है। दरअसल, साल 1997 से 2012 तक की अवधि में आई पीढ़ी को जेन जेड या जूमर्स पीढ़ी के रुप में जाना जाता है। यह पीढ़ी इंटरनेट और स्मार्टफोन के साथ पली-बढ़ी पीढ़ी है। डिजिटल सेवी होने से आभासी दुनिया में इस पीढ़ी का अलग ही अनुभव रहा है। पर बहुत कम समय में आभासी दुनिया से इस पीढ़ी का तेजी से मोहभंग हो रहा है। सोशियो-साइको भाषा में कहा जाए तो जूमर्स एनालॉग पुनर्जागरण के दौर में आ गए हैं।

आभासी दुनिया के साथ इस पीढ़ी में जो तेजी से बदलाव देखा जा रहा है वह अब अलगाव की जगह सहभागिता की ओर बढ़ रहा है। एंड्रायड फोन की दुनिया से बाहर निकल कर अब सामाजिक मेल-मिलाप और अकेलेपन के स्थान पर सामाजिकता की ओर रुझान दिखाई देने लगा है। कहीं यह भी संकेत मिलने लगा है कि जूमर्स संस्कृति और आधुनिकता के बीच तारतम्य बिठाने की दिशा में बढ़ने लगे हैं। इस पीढ़ी द्वारा अब आभासी अनुभवों के स्थान पर धरातलीय अनुभवों को अधिक महत्व दिया जाने लगा है। यही कारण है कि जूमर्स में अब पुरातन को नकार और तथाकथित आधुनिकता को स्वीकार के स्थान पर दोनों में सामंजस्य खोजने की नई सोच विकसित होने लगी है। अब डिजीटल अलगाव के स्थान पर जूमर्स मानवीय संवेदना, जमीनी हालातों के साथ बेबाक होने लगे हैं। यह नई तरह की सामाजिक सामंजस्यता है जिसे सकारात्मक बदलाव के रुप में देखा जाना चाहिए। जोमैटो के डिस्ट्रिक्ट प्लेटफार्म पर टचिंग ग्रास की हालिया रिपोर्ट में जेन जेड की जीवन शैली और सोच में बदलाव के यह संकेत उभर कर आये हैं। रिपोर्ट के अनुसार जूमर्स की प्राथमिकताओं में तेजी से बदलाव आया है। अब सप्ताहांत ही नहीं बीच में भी घर से बाहर डिनर लेने, आपसी मेल-मिलाप, दो लोगों के साथ समय बिताने, अपने परिवेश से जुड़ने, डिजिटल दुनिया से बाहर आने की सोच बनती जा रही है। यह डिजिटल दुनिया के दौर में सामाजिकता के लिए सकारात्मक बदलाव माना जा सकता है। यह सब तब है जब सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अधिक समय देने के बावजूद जिस तरह की रील्स देखने को मिल रही है वह बदलाव का स्पष्ट संकेत है। पिछले दिनों बैंक बड़ौदा में खाता खुलवाया लोकप्रिय हुआ या युवाओं द्वारा समूह में सुंदरकांड-हनुमान चालीसा पाठ या भजन गायकी जेन जेड की बदलती मानसिकता की परिचायक है। पिछले दिनों युवाओं में भजन क्लबिंग का दौर देखा जा रहा है। यह बदलाव इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि इंटरनेट-सोशल मीडिया की दुनिया में जूमर्स अब सामाजिकता खोजने लगे हैं। यह सही है कि इंटरनेट की आभासी दुनिया के स्थान पर अपनी सामाजिक गतिविधियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पदर्शित करने लगे हैं। यह भले रील्स के माध्यम से ही क्यों ना हो। इसका ताजातरीन उदाहरण सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर चंग बजाते, फागुनी गीत गाते युवाओं की टीमों को देखा जा सकता है। इसी तरह सोशल मीडिया पर लोकगीतों और लोक परंपराओं की पालन करती महिलाओं को देखना आम होता जा रहा है। यह सोच के बदलाव का ही परिणाम है। अन्यथा हालात ऐसे होते जा रहे हैं कि एक कमरे में बैठे परिवार के सभी सदस्य चाहे बड़े-बुजुर्ग हों या बच्चे, सभी स्क्रीन की दुनिया में खोए हुए देखे जाते हैं। बदलाव का यह दौर अब सोशल मीडिया पर तो सक्रिय है पर यह सक्रियता सामाजिकता को दर्शाती मूल्यात्मक सक्रियता है। टचिंग ग्रास रिपोर्ट में खासतौर से 11 रुझान देखे गए हैं। इनमें कोलोजन इकोनोमी, एल्गोडिट्च, या एल्गोरिदम, साइडक्वेस्टकोर, मिथ मेकिंग आदि है। जेन जेड युवा की समझ में अब प्रतिस्पर्धा का कोई महत्व ना होकर कोलोजन इकोनोमी यानी एक ही काम करने वाले प्रतिस्पर्धा के स्थान पर परस्पर सांठगांठ या समन्वय से कारोबार को बढ़ाने पर ध्यान देने लगे हैं। सटीक परिणाम पर विश्वास रखने लगे हैं तो स्टेप वाइज आगे बढ़ने की रणनीति अपनाने लगे हैं। पंरपरागत सांस्कृतिक परंपराओं का आधुनिक नाइट लाइफ से सामंजस्य बिठाया जाने लगा है। सोच में बदलाव यहां तक देखा जा सकता है कि अब अकेला होना आत्मविश्वास का परिचायक माना जाने लगा है। जूमर्स आज कलम ढूंढने लगे हैं तो कम्प्यूटर पर अंगुलियां चलाने के साथ लिखने का भी महत्व समझने लगे हैं। आज भले डिजिटल मीडिया कितनी ही तेजी से बढ़ रहा हो पर प्रिन्ट मीडिया की विश्वसनीयता बढ़ी है और टीवी चौनलों की चकाचौंध से आज का युवा दूर हो रहा है। अखबारों की वापसी के संकेत मिल रहे हैं तो जूमर्स की पढ़ने-पढ़ाने की रुचि भी बढ़ने लगी है। पुस्तक मेलों में पाठकों की वापसी होने लगी है। यह कोई कहने की बात नहीं हैं अपितु सामने दिख रही है। सामाजिक विरुपता को जूमर्स समझने लगे हैं और अब उनका प्रयास सामाजिक परिवेश से जुड़ने का होने लगा है। यह बदलाव का साफ संकेत हैं। टचिंग ग्रास की रिपोर्ट्स से सकारात्मक बदलाव का संकेत सामने आने लगा है और इससे यह लगने लगा है कि तकनीक और व्यावहारिक जगत एक-दूसरे के विरोधी ना होकर एक-दूसरे के पूरक हैं और तकनीक के साथ-साथ सामाजिक जुड़ाव शुभ संकेत माना जाना चाहिए।

**आभासी दुनिया के साथ इस पीढ़ी में जो तेजी से बदलाव देखा जा रहा है वह अब अलगाव की जगह सहभागिता की ओर बढ़ रहा है। एंड्रायड फोन की दुनिया से बाहर निकल कर अब सामाजिक मेल-मिलाप और अकेलेपन के स्थान पर सामाजिकता की ओर रुझान दिखाई देने लगा है। कहीं यह भी संकेत मिलने लगा है कि जूमर्स संस्कृति और आधुनिकता के बीच तारतम्य बिठाने की दिशा में बढ़ने लगे हैं। इस पीढ़ी द्वारा अब आभासी अनुभवों के स्थान पर धरातलीय अनुभवों को अधिक महत्व दिया जाने लगा है। यही कारण है कि जूमर्स में अब पुरातन को नकार और तथाकथित आधुनिकता को स्वीकार के स्थान पर दोनों में सामंजस्य खोजने की नई सोच विकसित होने लगी है। अब डिजीटल अलगाव के स्थान पर जूमर्स मानवीय संवेदना, जमीनी हालातों के साथ बेबाक होने लगे हैं। यह नई तरह की सामाजिक सामंजस्यता है जिसे सकारात्मक बदलाव के रुप में देखा जाना चाहिए। जोमैटो के डिस्ट्रिक्ट प्लेटफार्म पर टचिंग ग्रास की हालिया रिपोर्ट में जेन जेड की जीवन शैली और सोच में बदलाव के यह संकेत उभर कर आये हैं। रिपोर्ट के अनुसार जूमर्स की प्राथमिकताओं में तेजी से बदलाव आया है।**

# संत रविदास का जीवन-संदेश और समरस भारत की दिशा

कैलाश चन्द्र

हरियाणा के समालखा स्थित माधव सृष्टि में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा 2026 में संत शिरोमणि संत रविदास के 650वें प्राकट्य वर्ष के अवसर पर व्यक्त विचार केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि भारतीय समाज के लिए एक गहरा मार्गदर्शन हैं। यह अवसर हमें उस महान संत परंपरा की स्मृति दिलाता है जिसने सदियों से भारत को आध्यात्मिक शक्ति, सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदना का मार्ग दिखाया है। संत रविदास का जन्म 15वीं शताब्दी में काशी के समीप एक साधारण परिवार में हुआ। वे कर्म से जूते बनाने का कार्य करते थे, परंतु उनकी आत्मा भक्ति और आध्यात्मिक साधना में निमग्न रहती थी। उन्होंने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि श्रम कोई हीन कार्य नहीं, बल्कि ईश्वर की साधना का ही एक रूप है। इसी कारण उन्होंने समाज में श्रम की प्रतिष्ठा का संदेश दिया– एक ऐसा संदेश जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उनकी भक्ति निर्गुण भाव की थी, जिसमें ईश्वर को निराकार, सर्वव्यापक और सबके भीतर विद्यमान माना गया। उनके पदों में बार-बार एक ऐसे आदर्श समाज की कल्पना मिलती है जहां किसी प्रकार का भेदभाव न हो। उनके प्रसिद्ध पद 'बेगमपुरा शहर को नांव' में वे एक ऐसे समाज का चित्रण करते हैं जहाँ न भय है, न कर, न भेदभाव– एक ऐसा समाज जो समानता, सम्मान और न्याय पर आधारित हो। संत रविदास का जीवन करुणा, सेवा और समता का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने जन्म के आधार पर ऊंच-नीच को अस्वीकार करते हुए मनुष्य की श्रेष्ठता का आधार चरित्र और आचरण को माना। उनकी वाणी में सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध स्पष्ट चेतना दिखाई देती है। यही कारण है कि उनकी वाणी को व्यापक सम्मान मिला और गुरु ग्रंथ साहिब में उनकी 41 वाणियों को स्थान प्राप्त हुआ। उनके व्यक्तित्व की महानता का प्रभाव इतना व्यापक था कि समाज के सभी वर्गों ने उन्हें स्वीकार किया। काशी के विद्वान, सामान्य जन और राजपरिवार–सभी उनके प्रति श्रद्धावनत हुए। महान भक्त मीराबाई ने उन्हें अपना गुरु माना। गुरु और शिष्य के रूप में संत रविदास और मीराबाई का संबंध भारतीय भक्ति परंपरा में सामाजिक समरसता का एक अनूठा उदाहरण है- जहां जाति या सामाजिक स्थिति का कोई महत्व नहीं, केवल भक्ति और आत्मीयता का संबंध है। संत रविदास ऐसे समय में प्रकट हुए जब समाज अनेक प्रकार की चुनौतियों से घिरा था। विदेशी आक्रमणों और सामाजिक विघटन के बीच उन्होंने भक्ति की निर्मल धारा को प्रवाहित किया। उन्होंने लोगों को धर्म, नैतिकता और आत्मबल के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। अनेक प्रयासों के बावजूद वे अपनी आस्था से विचलित नहीं हुए। उनकी आध्यात्मिक शक्ति इतनी प्रभावशाली थी कि उन्हें मतांतरित करने का प्रयास करने वाले लोग भी अंततः उनके अनुयायी बन गए। आज जब समाज को जाति, वर्ग और विभिन्न पहचान के आधार पर बाँटने के प्रयास दिखाई देते हैं, तब संत रविदास का संदेश अत्यंत प्रासंगिक हो जाता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति विभाजन में नहीं, बल्कि समरसता और एकात्मता में है। मनुष्य की असली पहचान उसका जन्म नहीं, बल्कि उसका आचरण और उसका मानवीय दृष्टिकोण है। इसी सामाजिक समरसता की दिशा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन के माध्यम से व्यापक समाज-जागरण का अभियान चला रहा है। यह पाँच परिवर्तन– सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवनशैली, नागरिक कर्तव्यबोध– समाज में मानवीय विकास की नई चेतना उत्पन्न करने के प्रयास हैं। इन अभियानों के माध्यम से संघ देशभर में समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने, पारस्परिक सम्मान बढ़ाने और सेवा-कार्य के माध्यम से संवेदना जागृत करने का प्रयास कर रहा है। सामाजिक समरसता के कार्यक्रमों, सेवा-प्रकल्पों, ग्राम-विकास कार्यों और सांस्कृतिक जागरण के माध्यम से संघ का प्रयास है कि समाज के प्रत्येक वर्ग में आत्मीयता और एकत्व का भाव मजबूत हो। समरस समाज की दिशा में संकल्प- संत रविदास का जीवन और संदेश हमें यह सिखाता है कि समाज में परिवर्तन केवल उपदेशों से नहीं, बल्कि आचरण से आता है। जब हम श्रम का सम्मान करेंगे, भेदभाव को त्यागेंगे और सेवा को जीवन का आधार बनाएंगे, तभी सच्चे अर्थों में समरस समाज का निर्माण होगा। आज संत रविदास के 650वें प्राकट्य वर्ष का अवसर हमें यही प्रेरणा देता है कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और समाज में समता, करुणा और भाईचारे की भावना को मजबूत करें। यदि संत रविदास की समता-दृष्टि और समाज-जागरण की चेतना को हम अपने जीवन और सामाजिक व्यवहार में स्थान दें, तो निश्चित ही एक ऐसा भारत निर्मित होगा जहां हर व्यक्ति सम्मान के साथ जी सके–एक ऐसा भारत जो वास्तव में समरस, संवेदनशील और मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण हो।

**संत रविदास का जन्म 15वीं शताब्दी में काशी के समीप एक साधारण परिवार में हुआ। वे कर्म से जूते बनाने का कार्य करते थे, परंतु उनकी आत्मा भक्ति और आध्यात्मिक साधना में निमग्न रहती थी। उन्होंने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि श्रम कोई हीन कार्य नहीं, बल्कि ईश्वर की साधना का ही एक रूप है। इसी कारण उन्होंने समाज में श्रम की प्रतिष्ठा का संदेश दिया—एक ऐसा संदेश जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उनकी भक्ति निर्गुण भाव की थी, जिसमें ईश्वर को निराकार, सर्वव्यापक और सबके भीतर विद्यमान माना गया। उनके पदों में बार-बार एक ऐसे आदर्श समाज की कल्पना मिलती है जहां किसी प्रकार का भेदभाव न हो। उनके प्रसिद्ध पद बेगमपुरा शहर को नांव में वे एक ऐसे समाज का चित्रण करते हैं जहाँ न भय है, न कर, न भेदभाव—एक ऐसा समाज जो समानता, सम्मान और न्याय पर आधारित हो। संत रविदास का जीवन करुणा, सेवा और समता का अद्भुत उदाहरण है।**

# आनंद का आनंद इसी संसार में

हृदयनारायण दीक्षित

वैज्ञानिक खोजों ने मानव संहार के अनेक उपकरण बनाए हैं। मध्य पूर्व में युद्ध जारी है। मानवता बारूद के ढेर पर है। विज्ञान निर्मम है। उसका लोकमंगल से कोई लेना-देना नहीं है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले धर्महीन समाज विश्व के अस्तित्व के लिए खतरा हैं। हिन्दू धर्म की दृष्टि में पूरी पृथ्वी एक परिवार है। इस परिवार में केवल मानव समाज का हित चिंतन ही नहीं है। वैदिक चिंतन में सभी जीव, पशु, पक्षी, कीट-पतिंग भी हमारे परिजन हैं। वनस्पतियां औषधियां भी उपास्य हैं। विज्ञान में ऐसी प्रीतिपूर्ण दृष्टि नहीं है। विज्ञान सिर्फ सत्य तथ्य देता है। सत्य तथ्य शिरोधार्य है। लेकिन सत्य का शिव और सुंदर होना भी जरूरी है। वैदिक दर्शन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। लोकमंगल का उद्देश्य है और विश्व को सुंदर बनाने की अभिलाषा है। इन सबका सार हिन्दुत्व है। कोई अंधविश्वास नहीं। कोई जबरदस्ती नहीं। असहमत के प्रति भी आदर भाव है। हिन्दुत्व में प्रेय श्रेय साथ-साथ हैं। विज्ञान और लोक मंगल भी परस्पर प्रीति में हैं। डॉ. राधाकृष्णन ने कहा है ङ्कवैज्ञानिक हमें ऐसे विभिन्न ढंग बताते हैं जिनसे पृथ्वी नष्ट हो सकती है। यह कभी सुदूर भविष्य में चन्द्रमा के बहुत निकट आ पहुंचने से या सूर्य के ठंडा पड़ जाने से नष्ट हो सकती है। कोई पुच्छल तारा पृथ्वी से टकरा सकता है। धरती से ही कोई जहरीली गैस निकल सकती है। परन्तु यह सब बहुत दूर की सम्भावनाएं हैं; जबकि अधिक सम्भावना इस बात की है कि मानव-जाति स्वयं जान-बूझकर किए गए कार्यों से और अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण, जो मानव-स्वभाव में मजबूती से जमे हुए हैं, नष्ट हो सकती है। यह बड़ी करुणाजनक बात है कि ऐसे संसार में जो हम सबके आनंद लेने के लिए है और जो हम यदि आजकल युद्ध यन्त्रजात को पूर्णता तक पहुंचने में लगाई जा रही ऊर्जाओं के केवल थोड़े-से हिस्से का ही इसके लिए उपयोग करें तो इसे आनंदमय बनाया जा सकता है। हिन्दुत्व भारत की प्रकृति है और संस्कृति भी। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। इस जीवन शैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है। लेकिन भारतीय राजनीति के आख्यान में हिन्दुत्व के अनेक चेहरे हैं। उग्र हिन्दुत्व, मुलायम (साफ्ट) हिन्दुत्व, साम्प्रदायिक हिन्दुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिन्दुत्व पर आक्रामक हैं। अंग्रेजी भाषान्तर में हिन्दुत्व को हिन्दुइज्म कहा जाता है। इज्म विचार होता है। विचार 'वाद' होता है। वाद का प्रतिवाद भी एक विचार होता है। पूंजीवाद- कैप्टलिज्म है। समाजवाद- सोशलिज्म है। इसी तरह कम्युनिज्म है। अंग्रेजी का हिन्दुइज्म भी हिन्दूवाद का अर्थ देता है लेकिन हिन्दुत्व हिन्दूवाद नहीं है। हिन्दुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। वीर होना वीरवाद नहीं होता, वीर होने का भाव वीरता है। दयावान होना दयावाद नहीं दयालुता है। हिन्दू होना हिन्दुता या हिन्दुत्व है। कुछ विद्वान हिन्दू को मुसलमानों द्वारा दिया गया शब्द मानते रहे हैं लेकिन यह सही नहीं है। हिन्दू शब्द का प्राचीनतम उल्लेख 'अवेस्ता' में है और अवेस्ता इस्लाम से सैकड़ों वर्ष पुराना है। डेरियस (522-486 ई0पू0) के शिलालेख में भी हिन्दू शब्द का उल्लेख है। हिन्दू शब्द विशेष संस्कृति वाले जनसमूह का घोतक है। डॉ. राधाकृष्णन ने वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय व कलकत्ता (कोलकाता) विश्वविद्यालय में हिन्दू तत्व पर 1942 में भाषण दिए थे। उन्होंने 'धार्मिक आदर्शों की दृष्टि से समाज के पुनर्गठन' पर कलकत्ता (कोलकाता) विश्वविद्यालय में कहा कि ''भारतीय जीवन और विचार के किसी पहलू पर तुलनात्मक दृष्टि से विवेचन एक विस्तृत विषय है। जीवन मूल्यों से समाज के आदर्श व सांस्कृतिक व्यवहार प्रभावित होते हैं और सभ्यता की उम्र भी। भारतीय राष्ट्रजीवन की सांस्कृतिक निरंतरता स्वयं सिद्ध है। और प्राचीनता का मूल कारण विचारणीय है। डॉ. राधाकृष्णन ने औरंगजेब द्वारा अपने अध्यापक मुल्ला साहब को लिखे पत्र का सुंदर उदाहरण दिया है ''तुमने मेरे पिता शाहजहां से कहा था कि तुम मुझे दर्शन पढ़ाओगे। यह ठीक है, मुझे भली-भांति याद है कि तुमने अनेक वर्षो तक मुझे वस्तुओं के सम्बन्ध में ऐसे अनेक अव्यक्त प्रश्न समझाए, जिनसे मन को कोई संतोष नहीं होता और जिनका मानव समाज के लिए कोई उपयोग नहीं है। ऐसी थोथी धारणाएं और खाली कल्पनाएं, जिनकी केवल यह विशेषता थी कि उन्हें समझ पाना बहुत कठिन था और भूल पाना बहुत सरल था। क्या तुमने कभी मुझे यह सिखाने की चेष्टा की कि शहर पर घेरा कैसे डाला जाता है या सेना को किस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है?'' औरंगजेब के जीवन का आदर्श युद्ध है। युद्ध मानवीय मूल्य रहित हिंसा है। डॉ. राधाकृष्णन के अनुसार ''तत्कालीन विश्व का संकट यही है कि वह सैनिक व्यवस्था के विषय में सबकुछ जानता है और जीवन मूल्यों के दर्शन व धर्म के केन्द्रीभूत प्रश्नों के सम्बन्ध में बहुत कम जानता है। भारतीय संस्कृति में मनुष्य की महिमा है। आनंदमय जीवन की अभिलाषा है। इस अभिलाषा को पूरा करने की आचार संहिता है। यह संहिता हिन्दू धर्म है। इस आचार संहिता में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। गांधीजी अहिंसा को उत्कृष्ट जीवन मूल्य बताते थे। इस आदर्श का प्रेरणा केन्द्र हिन्दुत्व है। संप्रति दुनिया में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आंधी है। भारत में यह सेकुलरवाद के रास्ते हिन्दू धर्म को भी कालवाह्य घोषित करने पर आमादा है। अन्य पंथ रिलीजन अपनी कट्टरता के चलते वैज्ञानिक दृष्टिकोण को श्रेष्ठ नहीं मानते। वैज्ञानिक दृष्टिकोण अनुचित नहीं है। वैज्ञानिकों ने प्रकृति के तमाम रहस्यों को उघाड़ने का काम किया है। अंधविश्वासी मतों, पंथों को भी चुनौती मिली है। विज्ञान सत्य की खोज करता है। समाज ऐसी खोजों का उपयोग करता है। समाज इनका दुरूपयोग भी करता है। विश्व में पंथिक मजहबी मान्यताओं को लेकर तमाम युद्ध हुए हैं। हिन्दू दर्शन भी सत्य का शोध करता है। दर्शन का उद्देश्य केवल सत्य का निर्वचन करना ही नहीं है। इसका ध्येय मनुष्य का दुख दूर करना है। हिन्दू धर्म का उद्देश्य दुख का निवारण और आनंद की प्राप्ति है। समाज में आनंद का आपूरण विज्ञान का लक्ष्य नहीं है। विज्ञान के गले में लोकमंगल की घंटी डालने की आवश्यकता है। यह कार्य हिन्दुत्व के रास्ते अधिक संभव है। हिन्दुत्व लोकमंगल का पर्याय है। भारत का जीवन ध्येय आनंद है। केवल वैयक्तिक आनंद नहीं; सामाजिक सामूहिक आनंद भी। विवेकानंद ने कहा है, ''सभी देशों के निचले स्तर के मनुष्य इन्द्रियों के आनंद में उत्साह दिखाते हैं। किन्तु जो सच्चे अर्थों में शिक्षित और सुसंस्कृत हैं, उनके आनंद का आधार विचार और कला होती है। दर्शन और विज्ञान होता है।'' सुख और आनंद के अनेक मानसिक व बौद्धिक तल होते हैं। इन्द्रिय भोग का सुख निम्न तल है। ज्ञान का सुख आनंद उच्च तल पर है। कला का आनंद गहरा है लेकिन अनुभूति दर्शन का आनंद बहुत गहरा है। उपनिषद् दर्शन में आनंद की गहन अनुभूति है। तैत्तिरीय उपनिषद् में आनंद की व्याख्या है। शुरुआत में कहते हैं, ''सैषा आनंदस्य मीमांसा भवति-अब उस आनंद की मीमांसा करते हैं।'' बताते हैं, ''मनुष्य युवा हो, श्रेष्ठ आचरण वाला हो। अध्ययनशील हो। संपूर्ण अंग बल युक्त हो। स्वस्थ हो। धन सम्पदा से युक्त हो तो इस लोक में आनंद है।'' यहां आनंद के सभी उपकरण प्रत्यक्ष हैं। भौतिक हैं। संसारी हैं। कोई अंध आस्था नहीं। भाववाद नहीं। आनंद की प्राप्ति का स्थान भी यही लोक है। आनंद का आनंद इसी संसार में है।

**वैदिक दर्शन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। लोकमंगल का उद्देश्य है और विश्व को सुंदर बनाने की अभिलाषा है। इन सबका सार हिन्दुत्व है। कोई अंधविश्वास नहीं। कोई जबरदस्ती नहीं। असहमत के प्रति भी आदर भाव है। हिन्दुत्व में प्रेय श्रेय साथ-साथ हैं। विज्ञान और लोक मंगल भी परस्पर प्रीति में हैं। डॉ. राधाकृष्णन ने कहा है वैज्ञानिक हमें ऐसे विभिन्न ढंग बताते हैं जिनसे पृथ्वी नष्ट हो सकती है। यह कभी सुदूर भविष्य में चन्द्रमा के बहुत निकट आ पहुंचने से या सूर्य के ठंडा पड़ जाने से नष्ट हो सकती है। कोई पुच्छल तारा पृथ्वी से टकरा सकता है। धरती से ही कोई जहरीली गैस निकल सकती है। परन्तु यह सब बहुत दूर की सम्भावनाएं हैं; जबकि अधिक सम्भावना इस बात की है कि मानव-जाति स्वयं जान-बूझकर किए गए कार्यों से और अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण, जो मानव-स्वभाव में मजबूती से जमे हुए हैं, नष्ट हो सकती है।**

# गौशाला का समरसेबल खराब पानी की व्यवस्था हुई धड़ाम

● प्रधान ने सचिव पर लगाए गंभीर आरोप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बबेरू/बांदा।बबेरू ब्लाक क्षेत्र के कुचेंदू गांव की गौशाला में पानी की व्यवस्था धड़ाम है, जिससे ग्राम प्रधान ने ग्राम पंचायत अधिकारी के ऊपर गंभीर आरोप लगाया है ।

बबेरू ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत कुचेंदू ग्राम पंचायत में बनी गौशाला में चिलचिलाती धूप और गर्मी से गौवंशों की प्यास से हालत खराब हो रही है। गौशाला में पानी पीने की व्यवस्थाएं पूरी तरह से धड़ाम है, जब इस विषय में ग्राम प्रधान कमलेश कुमार वर्मा से बातचीत की गई, तो बताया कि पिछले फरवरी माह से गौशाला में लगा समरसेबल खराब पड़ा है, कई बार ग्राम पंचायत अधिकारी पूजा सिंह व खंड विकास अधिकारी को लिखित में पत्र दे चुके हैं, और समस्या का समाधान कराए जाने की मांग किया है। लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी अभी तक समरसेबल बन नहीं पाया है। जिससे गोवंशों को पीने के लिए तालाब से समरसेबल के माध्यम से पानी पीने के लिए भर व्यवस्था की जाती है, जिससे वही गंदा पानी पीने के लिए गोवंश मजबूर हैं, जिससे गोवंशों की हालत भी खराब हो रही है। वहीं ग्राम प्रधान कमलेश कुमार वर्मा ने ग्राम पंचायत अधिकारी पूजा सिंह के ऊपर गंभीर आरोप भी लगाया है, और कहा है कि गौशाला में भूसा खली नमक गुड एवं गौशालाएं की व्यवस्थाओं दुरुस्त की गई थी, ताकि गोवंशों को समय से खाना पानी मिल सके, लेकिन ग्राम पंचायत अधिकारी पूजा सिंह के द्वारा भूसा और अन्य सामग्री का भुगतान नहीं करवा रही हैं, जबकि ग्राम पंचायत के खाते में पर्याप्त धन करीब 11 लाख रुपए पड़ा हुआ है, और यह भी आरोप लगाया कि जब तक 50ः कमीशन नहीं मिलेगा तब तक मैं भुगतान नहीं करूंगी, और करीब 6 माह से भुगतान गौशाला में लगी सामग्री व भूसा इत्यादि का भुगतान नहीं किया गया। जिससे जो सामग्री गौशाला के लिए लोगों ने दिया था, वह मेरे दरवाजे पर आते हैं, और अभद्र भाषा का प्रयोग भी करते हैं, जिससे मैं चाहता हूं कि जो ग्राम पंचायत के खाते में रुपया पड़ा है, वह गौशाला में लगी सामग्री का भुगतान करवा दिया जाए। वही करे टेकारों का 3 महीना से मानदेय नहीं दिया गया, जिससे वह भी काम करने से कतरा रहे है। वही यह भी कहा कि अगर दो या तीन दिन में भुगतान नहीं होगा, तो मैं उच्च अधिकारी यानी जिलाधिकारी व सीडीओ बांदा से शिकायत करूंगा।

## दिनेश बने भाजपा बड़ोखर मंडल अध्यक्ष, मंडल बड़ोखर कार्यकारिणी घोषित

बांदा। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल की संस्कृति पर तींदवरी विधान सभा के बड़ोखर मंडल में जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत द्वारा दिनेश यादव को मंडल का अध्यक्ष घोषित किया गया है साथ ही मंडल कार्यकारिणी का भी गठन कर क्षेत्र व जिला स्तर पर संस्तुति कर दी गई है नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष के अलावा मंडल उपाध्यक्ष में अमनदीप तिवारी, धीरज गुप्ता, देवीदयाल सिंह, देवेंद्र अवस्थी, राहुल नामदेव, श्रीमती ममता सिंह को जिम्मेदारी सौपी गई है इसी प्रकार शिवम द्विवेदी व अंकित सिंह को महामंत्री बनाया गया है इनके अलावा मंत्री पद पर संतोष अनुरागी, सूरज दीन खेंगर , स्वतंत्र साहू, श्रीमती मालती दीक्षित, चंद्र भाल शुक्ला व कुलदीप प्रजापति शामिल है । राकेश तिवारी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी गई है इनके अलावा राजीव शुक्ला को मीडिया प्रभारी एवं शिवकंात कुशवाहा को सह मीडिया प्रभारी तथा शिवम गुप्ता को सोशल मीडिया प्रभारी व श्रीमति मुन्नी निषाद को सह सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौपी गई है शैलेंद्र पाल को आई टी संयोजक का दायित्व सौंपा गया है।

# ग्राम पंचायत सदस्यों की बैठक सचिव की अध्यक्षता पर संपन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बबेरू/बांदा। बबेरू पंचायत भवन में ग्राम पंचायत सदस्यों की बैठक ग्राम पंचायत अधिकारी की अध्यक्षता पर संपन्न हुई। जब बैठक में प्रधान अनुपस्थित रहीं।

बबेरू कस्बे के बबेरू ग्राम पंचायत भवन शनिवार की दोपहर बबेरू ग्रामीण के ग्राम पंचायत सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें सभी ग्राम पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधान को बुलाया गया था, जिसमें करीब 15 ग्राम पंचायत सदस्य बैठक पर पहुंचे, लेकिन ग्राम प्रधान श्रीमती कंचन वर्मा बैठक पर उपस्थित नहीं हुई, जिसमें ग्राम पंचायत अधिकारी पूजा सिंह की अध्यक्षता पर सदस्यों की बैठक की गई, जिसमें सदस्यों ने आरोप लगाया की कभी भी ग्राम पंचायत सदस्यों की बैठक में प्रधान उपस्थित नहीं होती हैं, यहां तक की राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस में भी शामिल नहीं हुई, और जो भी विकास कार्यों की फाइलें थी वह भी बैठक पर नहीं दिखाई जाती, वही ग्राम पंचायत सदस्य राकेश पटेल ने बताया कि 5 साल पूरे हो रहे हैं लेकिन अभी तक सभी सदस्यों का जो 100 बैठक का मानदेय दिया जाता है, वह भी नहीं दिया गया, अगर मान दे की बात करते हैं तो ग्राम प्रधान 50 प्रतिशत कमीशन मांगती हैं। वहीं बिना बैठक के विकास कार्य कैसे कर लिए जाते हैं, यही समझ में नहीं आता, जिसमें सभी ग्राम पंचायत सदस्यों ने कहां की कि जब हमको किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी जाती, और ना ही हमको बुलाया जाता, इससे अच्छा हम सभी लोग शपथ पत्र के साथ है इस्तीफा देने को मजबूर होंगे। बैठक में राकेश पटेल,अजय कुमार ,सुधीर कुमार, महेश वर्मा, प्रीति देवी, दीपा देवी, बृजेश कुमार, श्याम बाबू, रामलखन, उषा देवी, रविकंात सहित ग्राम पंचायत सदस्य मौजूद रहे। वहीं पिछले दिनों बबेरू ग्रामीण कि ग्राम प्रधान श्रीमती कंचन वर्मा ने चित्रकूट धाम मंडलायुक्त को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है की, ग्राम पंचायत अधिकारी पूजा सिंह 30 प्रतिशत भुगतान के नाम पर कमिशन की बात करती हैं, और कहती है कि जब तक 30ः कमीशन नहीं दिया जाएगा, तो भुगतान मैं नहीं करूंगी।

# सख्त निगरानी में सम्पन्न हुई एस आई भर्ती परीक्षा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। जनपद में आयोजित एसआई भर्ती परीक्षा एस पी कौशाम्बी के सख्त निगरानी व प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरे जनपद में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रही।

अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेती रही। सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गयी। रविवार को आयोजित परीक्षा के प्रथम पाली में कुल 1920 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 1383 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित रहे जबकि 537 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 1920 परीक्षार्थियों में से 1393 अभ्यर्थी उपस्थित हुए तथा 527 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों को मिलाकर कुल 3840 में 2776 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 1064 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# सपाईयों ने धूमधाम से मनाया कांशीराम का जन्मदिवस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। रविवार को समाजवादी पार्टी ने बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर काशीराम जी की 92 वीं जयंती शहर के निजामी पैलेस में बड़े धूम धाम से मनाई गई अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के युवा कंातिकारी अध्यक्ष डा. मधुसूदन कुशवाहा ने की मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी तिलक चंद अहिरवार और मुख्य वक्ता प्रदेश सचिव मेघनाथ खंगार जी रहे सभी समाजवादी पार्टी के नेता पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि और वक्ता को माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया क्रमशः सभी नेताओं ने मान्यवर काशीराम जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला और दबे कुचले,दलितों के उत्थान पर प्रकाश डाला और समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने के निरंतर प्रयास करते करते अंतिम सांस ली कार्यक्रम में मुख्य रूप से बांदा चित्रकूट सांसद कृष्णा देवी पटेल,बांदा चित्रकूट लोक सभा प्रभारी उमेश यादव,जिला मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता प्रमोद गुप्ता राजा, वरिष्ठ सपा नेता ईशान सिंह लवी,यूवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव ओम नारायण त्रिपाठी विदित,पूर्व प्रत्याशी किरन यादव,जिला पंचायत सदस्य रजनी यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्य नारायण सोनकर,बाबा वाहिनी की जिला अध्यक्षप सुमन दिवाकर,उर्मिला वर्मा,शगुफ्ता सिद्दकी, नीलम यादव,पूर्व प्रत्याशी भरत लाल दिवाकर,तिंदवारी विधान सभा के अध्यक्ष प्रमोद निषाद,लालमन यादव,वरिष्ठ नेता शेखर शर्मा, जगमोहन यादव,दिनेश अनुरागी,जिला सचिव कुदरत उल्ला,नासिर खान,करण परिहार,राम लाल प्रजापति, मुशीर अहमद फारूकी,पुष्पेंद्र चुनले,दिलीप पटवा,प्रमोद यादव, आमिर खान,विवेक बिंद् तिवारी, निलेश श्रीवास,चमकीला यादव,कल्लू चौहान,बबलू श्रीवास,रवि दिवाकर,सिकंदर यादव,नासिर खान,आर के समुद्र,हरिशंकर राजपूत, दिवाकर खंगार,आदि सैंकड़ों की संख्या में नेता,कार्यकर्ता, अशोक यादव,पदाधिकारी,बूथ, सेक्टर,जोन के कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

## कांग्रेसियों ने कांशीराम की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



बांदा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष माननीय अजय राय पूर्व मंत्री जी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में सामाजिक न्याय के पुरोधा मान्यवर काशीराम जी की जन्म जयंती के अवसर पर शहर में स्थित काशीराम पार्क पहुंचकर कांग्रेसियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए याद किया। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि काशीराम क्लास वन की नौकरी छोड़कर सामाजिक जन चेतना के लिए उन्होंने पहले वामसेफ का गठन व 1984 में बहुजन समाज पार्टी बनाकर दलित, पिछड़ी जातियों, अल्पसंख्यक समुदाय के लिए पूरे देश में जन चेतना का संचार किया गया, उन्होंने कभी अपने विचारों से समझौतावादी नीति को प्रशय नहीं दिया गया, उसी का नतीजा रहा उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में चार बार बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनी, ऐसे महापुरुषों को भारत रत्न से नवाजा जाना चाहिए था जो आज तक नहीं हुआ। लखनऊ स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा मान्यवर काशीराम को भारत रत्न दिए जाने की मांग की गई है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने की तैयारी

## प्रजापति भवन के लिए भूमि खरीद पर जोर

● उन्नाव प्रजापति सभा की बैठक में कई अहम निर्णय, तहसील प्रभारी व ब्लॉक अध्यक्षों को सौंपे गए मनोनयन पत्र

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने और प्रजापति भवन निर्माण के लिए भूमि क्रय करने की रणनीति बनाई गई। यह निर्णय उन्नाव प्रजापति सभा रजि. की ब्लॉक व जिला कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। बैठक का आयोजन चंद्रशेखर आजाद सामुदायिक भवन, वृद्धा आश्रम पीडी नगर में किया गया, जिसकी अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष गायत्री प्रसाद प्रजापति ने की।

बैठक में समाजहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों एवं उनकी प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान प्रजापति भवन के निर्माण के लिए भूमि खरीद का मुद्दा प्रमुख रहा। पदाधिकारियों ने इस कार्य में आर्थिक सहयोग करने की भी घोषणा की।

इसके अलावा यह भी निर्णय लिया गया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल मेधावी छात्र-छात्राओं को मई माह में सम्मानित किया जाएगा।

बैठक के दौरान महेन्द्र प्रताप प्रजापति को तहसील हसनगंज प्रभारी का मनोनयन पत्र सौंपा गया। वहीं दिनेश कुमार प्रजापति, केशव प्रसाद प्रजापति, किशोरी लाल प्रजापति, छंगा प्रजापति, अमित प्रजापति और अश्विनी प्रजापति को ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में मनोनयन पत्र प्रदान किए गए। साथ ही उनसे संगठन को और अधिक मजबूत व विस्तारित करने का आह्वान किया गया।

बैठक में यह भी चर्चा हुई कि जिन ब्लॉकों में ब्लॉक अध्यक्ष सक्रिय नहीं हैं, वहां संगठन को सशक्त बनाने के लिए पदाधिकारियों को सक्रिय किया जाए। संगठन की वित्तीय स्थिति मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक नए सदस्यों को जोड़ने पर भी जोर दिया गया।

इस अवसर पर महामंत्री कन्हैयालाल प्रजापति, डॉ. महावीर प्रजापति, रामनरेश प्रजापति, रामनरेश प्रजापति (फौजी), अवधेश प्रजापति, रामदत्त प्रजापति, विशाल प्रजापति (कोहिनूर), अरविंद कुमार प्रजापति एडवोकेट, अरुण कुमार प्रजापति, रमेश प्रजापति, विशाल प्रजापति, आशुतोष सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एबीवीपी ने परीक्षार्थियों के लिए नि:शुल्क रात्रि विश्राम एवं सहायता केंद्र स्थापित किया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद निरन्तर विगत पिछले 76 वर्षों से छात्रहितों के लिए कार्य करते हुए राष्ट्र के पुनर्निर्माण की ध्येय यात्रा के लिए अग्रणी रहा है । अभाविप अपने विभिन्न आयामों एवं गतिविधियों के माध्यम से अलग अलग क्षेत्र में छात्र देश एवं समाज के लिए कार्यरत है । इसी निमित स्टूडेंट फार सेवा के माध्यम से यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा 14 और 15 मार्च को जनपद - बांदा में सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा देने आ रहे परीक्षार्थियों के रात्रि विश्राम रुकने हेतु व्यवस्था एवं सहायता केंद्र स्थापित किए गए । अभाविप बांदा के सह जिला संयोजक कार्तिकेय गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि रेलवे स्टेशन एवं रोडवेज पर सहायता केन्द्रों के माध्यम से परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रों की जानकारी के साथ अन्य जानकारिया प्रदान करने के साथ परीक्षार्थियों के लिए निःशुल्क रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई जिसमे सैकड़ो परीक्षार्थियों ने विश्राम कर अपने अपने परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा देने पहुँच गए ।

जिसमे विभाग संगठन मंत्री शिवम पांडेय ने बैठक में कार्यकर्ताओं को सुनिश्चित किया कि किसी भी परीक्षार्थियों को जनपद बांदा में किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो । इस मौके में जिला संयोजक गोविंद तिवारी , श्लोक द्विवेदी , सुभाष त्रिपाठी , रमेंद्र शर्मा , अभय साहू , युवराज सिंह , अर्पित द्विवेदी , शैलेंद्र दीक्षित , प्रवीण त्रिवेदी , अंश पुष्पक, अभय सोनी , दिलीप यादव , ओम पटेल , अभिलाष सिंह सहित संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# संक्षिप्त समाचार

## पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव, क्षेत्र में सनसनी

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के काकराबाद गांव में रविवार सुबह गांव के बाहर एक नीम के पेड़ से अधेड़ का शव लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना परिजनों व पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। शव को पेड़ से लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया और घर में मातम का माहौल बन गया। मृतक की पहचान काकराबाद गांव निवासी नरेश (55) पुत्र बहोरी के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची कोखराज थाना पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि यह आत्महत्या है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

## उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्न पर भड़का आक्रोश, कार्रवाई की मांग

शुक्लागंज, उन्नाव। उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक विवादित प्रश्न को लेकर शुक्लागंज सहित पूरे जनपद में आक्रोश व्याप्त है। रविवार को पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक को संबोधित प्रार्थना पत्र सौंपा और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। बताया गया कि परीक्षा में पूछे गए एक बहुविकल्पीय प्रश्न में पूछा गया था कि ϊअवसर देखकर बदल जाने वाले व्यक्ति को क्या कहते हैं?ϋ इस प्रश्न के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में पंडित शब्द भी शामिल किया गया था। इसको लेकर संदीप पांडे ने कड़ी आपत्ति जताई है।

## फर्जी रजिस्ट्री कराने वाले वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना मटौंध पुलिस द्वारा कूटरचित दस्तावेजों का प्रयोग कर फर्जी जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले 10-10 हजार रुपए के इनामी 02 अन्य वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के खुटला निवासी देबिया पुत्र चौतुवा द्वारा 12 फरवरी 26 को थाना मटौंध पर अपने 34 बीघा जमीन की कुछ लोगों द्वारा फर्जी रजिस्ट्री कराने के सम्बन्ध प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना मटौंध पर अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था । जिसमें थाना मटौंध पुलिस द्वारा दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है ।

## बाँदा रोटी बैंक टीम ने जरूरतमंदों को किया वृहद कपड़ा आदि का वितरण

बांदा। प्रत्येक रविवार की तरह आज भी बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सह संरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के शाखा प्रमुख खुटला महेन्द्र पाल के नेतृत्व में, ग्राम प्रधान ग्राम बीच का पुरवा श्री संजय त्रिपाठी जी की उपस्थिति में, बाँदा शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दान में दिए गए गरम कपड़े,किताबें,जूते चप्पल आदि का वितरण ग्राम बीच का पुरवा ब्लॉक बड़ोखर तहसील बाँदा जनपद बाँदा के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को स्वास्थ्य,स्वच्छता,यातायात तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम के सचिव मोहम्मद इदरीश के द्वारा जागरूक किया गया।

# बुढ़वा बाबा मंदिर परिसर में तीन दिवसीय मेले की तैयारी

● 18 को जागरण और 19 को होगा धनुष भंग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बिछिया। क्षेत्र के तारगांव गांव स्थित पानी की टंकी के निकट बुढ़वा बाबा मंदिर परिसर में तीन दिवसीय विशाल मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले के अंतर्गत 18 मार्च को चतुर्थ विशाल जागरण तथा 19 मार्च को धनुष भंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

बुढ़वा बाबा कमेटी के सदस्यों ने बताया कि मेले को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मेले में क्षेत्र के साथ-साथ दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों से दुकानदार भी अपने स्टॉल लगाने के लिए पहुंचेंगे।

कमेटी की ओर से बताया गया कि मेले में आने वाले दुकानदारों के लिए लाइट और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले जागरण और धनुष भंग कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

मेले को सफल बनाने के लिए कमेटी के सदस्य और ग्रामीण तैयारियों में जुटे हुए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं।

# मां बालेश्वरी देवी मेले के अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, अतिथियों ने किया सम्मान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बिछिया। विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पडरी कलां स्थित मा बालेश्वरी देवी मेले के चौथे और अंतिम दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उन्नाव नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानु तथा पुरवा विधायक प्रतिनिधि मनमोहन सिंह बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। दोनों अतिथियों ने सबसे पहले मा बालेश्वरी देवी के दरबार में पहुंचकर दर्शन-पूजन किया।

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई और रखरखाव का कार्य करने वाली सेविकाओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच पर मेला कमेटी के सदस्यों ने प्रवीण मिश्रा का परशुराम की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया, जबकि विधायक प्रतिनिधि मनमोहन सिंह का राम दरबार की प्रतिमा देकर सम्मान किया गया।

अपने संबोधन में प्रवीण मिश्रा ने कहा कि मा बालेश्वरी देवी मंदिर उनके बचपन से जुड़ा हुआ है और उन्हें निरंतर इस मंदिर में आने का सौभाग्य मिलता रहता है, जिसके लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया। वहीं विधायक प्रतिनिधि मनमोहन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उन्नाव से मां के दरबार तक आने वाले शेष तीन किलोमीटर मार्ग का शीघ्र चौड़ीकरण कराया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान भगवंत नगर विधायक आशुतोष शुक्ला भी मा के दरबार में दर्शन करने पहुंचे और मंच से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मेले की परंपरा धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है, लेकिन तकिया मेले के बाद यह क्षेत्र का एक ऐसा विशाल मेला है जो विलुप्त होती मेले की परंपरा को जीवित रखे हुए है।

कार्यक्रम में गुड्डू मिश्र, सीताराम शुक्ल, संजय पांडे, सतेंद्र तिवारी, मनीष त्रिवेदी, रज्जन, देवीप्रसाद शुक्ला, संदीप विमल, ओम तिवारी, अंकित, अंकुर मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

## जनपद के 16 केंद्रों पर 6239 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 3361 रहे अनुपस्थित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखीमपुर खीरी।रविवार को उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन जनपद के 16 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा कराई गई। दोनों पालियों में कुल 6239 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 3361 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। अभ्यर्थियों को मेटल डिटेक्टर, बायोमीट्रिक सत्यापन और फोटो स्कैनिंग के बाद ही परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकल विहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस की टीमें लगातार केंद्रों का भ्रमण करती रहीं। साथ ही पुलिस की खुफिया सेल सोशल मीडिया समेत अन्य गतिविधियों पर भी नजर बनाए रही जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक डॉ ख्याति गर्ग ने राजकीय इंटर कॉलेज, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज तथा गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज सहित कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पूरी पारदर्शिता और अनुशासन के साथ परीक्षा संपन्न कराई जाए। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर मजिस्ट्रेट और इंस्पेक्टर की निगरानी में पर्याप्त पुलिस बल तथा महिला सुरक्षा कर्मियों की तैनाती रही। परीक्षार्थियों को मेटल डिटेक्टर, फोटो स्कैनर और बायोमीट्रिक जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। परीक्षा समाप्त होने के बाद सभी अभ्यर्थियों से ओएमआर शीट जमा कराकर उन्हें केंद्र से बाहर जाने की अनुमति दी गई। दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जानकारी के अनुसार जनपद के 16 परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक पाली में 4800 पंजीकृत अभ्यर्थियों के सापेक्ष पहली पाली में 3078 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 1722 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 3161 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 1639 अभ्यर्थियों ने परीक्षा नहीं दी।

### डीएम ने दी बधाई

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 की परीक्षा जनपद के सभी 16 केंद्रों पर शांतिपूर्ण, नकल विहीन और व्यवस्थित ढंग से संपन्न होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाने वाले नोडल अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित सभी अधिकारी, कर्मचारी और कार्मिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# कांग्रेस भवन में मान्यवर कांशीराम जयंती पर गोष्ठी, दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शनिवार को कांग्रेस भवन में बहुजन समाज के महानायक एवं बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के बाद जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए रवि तिवारी ने कहा कि कांशीराम ने समाज के शोषित, पीड़ित और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उनका संघर्ष और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने कहा कि कांशीराम का मानना था कि संविधान ही दलितों, पिछड़ों और वंचितों की असली ताकत है, लेकिन आज वही संविधान खतरे में नजर आ रहा है। बाबा साहेब के संविधान की शपथ लेकर सत्ता में बैठे लोग ही उसे कमजोर करने पर तुले हुए हैं। जब तक सत्ता में भागीदारी नहीं होगी, तब तक सामाजिक न्याय संभव नहीं है। कांशीराम की विरासत यही संदेश देती है कि सामाजिक न्याय का सपना अधूरा नहीं रहेगा। रवि तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बहुजन समाज की भागीदारी, सम्मान और संविधान की रक्षा के लिए पहले भी खड़ी थी और आगे भी खड़ी रहेगी इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. रईस अहमद उस्मानी, चंद्र प्रभा अवस्थी, जावेद अली एडवोकेट, रामजीवन राज, डॉ. आनंद श्रीवास्तव, राजेंद्र गुप्ता, अब्दुल कयूम, अब्दुल रहीम, रामपाल शाक्य, समीम, हरगोविंद वर्मा, सरोजिनी अवस्थी, अकील खान, मेराज खान, गुलफाम सहित कई कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# 10 वर्षों की जलभराव समस्या से मिली राहत

## बारिश में कारगर साबित हुआ नया नाला




राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मैलानी खीरी। नगर पंचायत मैलानी के वार्ड नंबर 9, 6 और 10 में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या से अब लोगों को राहत मिलती दिखाई दे रही है। नगर पंचायत द्वारा कराए गए नए नाले के निर्माण से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था में सुधार हुआ है। हाल ही में कुछ लोगों द्वारा नाले के निर्माण का विरोध भी किया गया था, लेकिन रविवार को करीब डेढ़ घंटे तक लगातार हुई बारिश के बावजूद इन वार्डों में कहीं भी जलभराव की स्थिति नहीं बनी। इससे साफ हो गया कि नाला निर्माण क्षेत्र की आवश्यकता थी। नगर पंचायत मैलानी की अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी एवं उनके पति भवानी शंकर माहेश्वरी के अथक प्रयासों से यह नाला निर्माण कार्य कराया गया। इस नाले के बनने से करीब 10 वर्षों से बरसात के समय होने वाली जलभराव की समस्या का समाधान होता नजर आ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले हल्की बारिश में ही सड़कों और गलियों में पानी भर जाता था, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब नई व्यवस्था से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है और नगर पंचायत के इस कार्य की सराहना की है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, नपा अध्यक्ष ने दिखाई मानवता



गोला गोकर्णनाथ खीरी। शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना गोला-सिकंदराबाद रोड पर रात करीब 11 बजे की है, जब एक अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। इसी दौरान उधर से गुजर रहे गोला नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' की नजर घायल युवक पर पड़ी। उन्होंने तुरंत मानवता दिखाते हुए एम्बुलेंस और पुलिस को सूचना दी। एम्बुलेंस से घायल को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम गजियापुर बड़ी निवासी मनोज उर्फ फिरोज (40) पुत्र दाताराम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार घटनास्थल के आसपास कोई बाइक नहीं मिली, जिससे माना जा रहा है कि युवक पैदल जा रहा था।

# समाज सेवा की मिसाल बने सुरेंद्र तोलानी

- कई सामाजिक, शैक्षिक व सेवा संस्थाओं से जुड़कर जरूरतमंदों की कर रहे निरंतर मदद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। जनपद में समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाले समाजसेवी सुरेंद्र तोलानी वर्षों से गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक और सेवा संस्थाओं से जुड़े रहकर वे जनसेवा को अपना प्रमुख उद्देश्य मानते हुए समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सुरेंद्र तोलानी वर्तमान में लायंस उपकार नेत्र चिकित्सालय, लखीमपुर के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए जरूरतमंद लोगों को नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। वहीं आदर्श मूकबधिर विद्यालय, लखीमपुर के अध्यक्ष के रूप में दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए भी निरंतर प्रयासरत हैं। सामाजिक और व्यापारिक संगठनों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी है। वे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, एनिमल लवर सोसाइटी लखीमपुर तथा जन जागृति सामाजिक संस्था लखीमपुर खीरी में संरक्षण की भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा खीरी क्लब लखीमपुर और श्री गुरुनानक स्पोर्ट्स अकैडमी लखीमपुर में उपाध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय है। वे श्री गुरुनानक डिग्री कॉलेज, श्री गुरुनानक इंटर कॉलेज तथा गुरुनानक कन्या इंटर कॉलेज में उपप्रबंधक के रूप में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में सहयोग दे रहे हैं।

इसके अतिरिक्त वे लायंस क्लब लखीमपुर उपकार के सीनियर सदस्य, भारत विकास परिषद लखीमपुर खीरी, आदर्श मां लक्ष्मी धर्मार्थ होम्योपैथिक चिकित्सालय तथा गुरुद्वारा सिंह सभा हाथीपुर के सदस्य के रूप में भी सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सक्रियता उन्हें जनपद के प्रमुख समाजसेवियों में स्थान दिलाती है। उनके कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और वे निरंतर सेवा भाव के साथ समाजहित में कार्य करते आ रहे हैं।

### शिक्षा के महत्व पर दिया गया बल, रा0से0यो0 शिविर का दूसरा दिन संपन्न

गोला गोकर्णनाथ खीरी। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. राकेश कुमार अग्रहरि, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, क्रेन ग्रोवर्स नेहरू पीजी कॉलेज ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व तथा एक अच्छे नागरिक के कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को ईमानदारी, अनुशासन, परिश्रम और सामाजिक जिम्मेदारी का पालन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि एक अच्छा नागरिक वही होता है जो अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करते हुए समाज के विकास में सक्रिय सहयोग करता है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान किया।

# कांशीराम जयंती पर कंाग्रेसजनों ने की विचार गोष्ठी



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। कंाग्रेसजनों द्वारा बहुजन नायक कांशीराम की जयंती के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित की गई । इसी क्रम में गोला गोकर्णनाथ स्थित भारत भूषण कॉलोनी के शिविर कार्यालय में जिला कंाग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की देखरेख में नगर अध्यक्ष अजीत जैन के नेतृत्व में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कंाग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांशीराम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनके विचारों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम जी ने राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षिक व्यवस्था में परिवर्तन के लिए संघर्ष किया और समाज के वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने का कार्य किया। इस अवसर पर कंाग्रेसजनों ने ‛जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी‛ के सिद्धांत को जमीन पर उतारकर कांशीराम जी के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष कृष्ण किशोर मिश्रा, प्रेम कुमार वर्मा, रामकुमार वर्मा (प्रदेश महासचिव पिछड़ा वर्ग विभाग), सतीश चंद्र मिश्रा, श्रीकांत वर्मा, अजय कुमार शुक्ला गुड्डू, राकेश विश्वकर्मा, विकास, आदेश गुप्ता, चंदकंात वर्मा, तरनजीत सिंह, फकीर मोहम्मद, पंकज पटेल सहित दर्जनों कंाग्रेसजन उपस्थित रहे।

### अपर पुलिस महानिदेशक ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

बाराबंकी। अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन द्वारा उप-निरीक्षक परीक्षा 2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से कराये जाने हेतु परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन प्रवीण कुमार द्वारा उप-निरीक्षक परीक्षा 2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज व पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक पाठक तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जल परीक्षण शिविर में प्रदूषित पानी से होने वाली बीमारियों को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोरैया पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति द्वारा जल परीक्षण शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को प्रदूषित पानी से होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया कार्यक्रम के दौरान शौर्य हॉस्पिटल के एमडी अजीत कुमार एवं उनके सहयोगी पांडेय जी ने बताया कि बदलते मौसम और लगातार बढ़ रही बीमारियों के पीछे प्रदूषित पानी भी एक बड़ा कारण है। उन्होंने बताया कि हाथ-पैर और कमर के जोड़ों में दर्द, पथरी तथा लीवर संबंधी समस्याएं अधिक टीडीएस वाला पानी पीने से हो सकती हैं, जिससे प्रभावित लोगों को लंबे समय तक दवाइयों पर निर्भर रहना पड़ता है उन्होंने जल परीक्षण कर ग्रामीणों को पानी की गुणवत्ता और उसके उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस शिविर में लगभग 50 पानी के नमूनों की जांच की गई, जिसमें कुछ नमूनों में 600 से 800 मिलीग्राम प्रति लीटर तक टीडीएस पाया गया।

कैंप में उपस्थित आशा बहू ने पानी की गुणवत्ता सुधारने के लिए जल्द से जल्द क्लोरीन की गोलियां और पाउडर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा ने टीडीएस परीक्षण और शिविर के आयोजन की पूरी जिम्मेदारी समिति के सचिव विनय वर्मा को सौंपी, जिसे उन्होंने जिम्मेदारीपूर्वक निभाया इस अवसर पर ओमप्रकाश, राकेश, हीरालाल, जानकी, गयाप्रसाद, गोकरण प्रसाद, विकास, गिरिजा शंकर, जसकरन लाल वर्मा, सत्यप्रकाश सहित ग्रामवासियों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# गहरी जुताई व ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई करने पर बढ़ेगी पैदावार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल गोला द्वारा ग्राम जटपुरा में आयोजित की गई किसानों की गोष्ठी



गोला गोकर्णनाथ खीरी। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला क्षेत्र में बसंतकालीन गन्ना बुवाई के मद्देनज़र किसानों को उन्नत तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से ग्राम जटपुरा में एक वृहद गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) पी.एस. चतुर्वेदी तथा राष्ट्रीय जैविक कृषि मिशन के संयोजक मनोज दीक्षित सहित मिल के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे गोष्ठी को संबोधित करते हुए ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई में नई एवं उन्नतशील प्रजातियों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि गन्ना प्रजाति को0 0238 रेड रॉट रोग से गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है, इसलिए इसकी बुवाई में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। इसके स्थान पर उन्नतशील प्रजातियाँ को0 0118, 15023 तथा कोलख0 14201 की बुवाई करने के लिए प्रेरित किया। वहीं निचले क्षेत्रों के लिए को0 98014 एवं कोलख0 94184 प्रजातियाँ उपयुक्त बताई गईं। उन्होंने किसानों को हरियाणा 119 (एचआर), कोशा0 91269 तथा पीबी0 95 जैसी अनामित व अस्वीकृत प्रजातियों की बुवाई न करने की सलाह भी दी इस दौरान वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) पी.एस. चतुर्वेदी ने किसानों को गन्ना बुवाई के समय बीज के चयन में सावधानी बरतने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि बीज के रूप में गन्ने के ऊपरी दो-तिहाई हिस्से का प्रयोग करना चाहिए तथा चार फीट की दूरी पर ट्रेंच विधि से बुवाई करने से पैदावार में वृद्धि होती है उन्होंने बताया कि गहरी जुताई करने से मिट्टी की जलधारण क्षमता बढ़ती है और मृदा में वायु संचार बेहतर होता है, जिससे फसल की बढ़वार अच्छी होती है और उत्पादन में बढ़ोतरी होती है। भूमि उपचार के लिए ट्राइकोडर्मा चीनी मिल द्वारा अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसके प्रयोग से मिट्टी में मौजूद हानिकारक फफूंद नष्ट हो जाते हैं और भूमि भुरभुरी बनती है। इसके अलावा बीज उपचार के लिए फफूंदीनाशक थायोफिनेट मिथाइल भी अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि उन्नतशील गन्ना प्रजातियों का शुद्ध और निरोग बीज सुरक्षित किया गया है, जिसे चीनी मिल के माध्यम से किसानों को वितरित करने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही मिलगेट एवं क्रय केंद्रों पर खुली खरीद की जा रही है। जिन किसानों के पास आपूर्ति योग्य गन्ना अवशेष है, वे अपना कोड नंबर देकर पर्ची प्राप्त कर मिलगेट या क्रय केंद्रों पर गन्ना आपूर्ति कर सकते हैं। इसके बाद चीनी मिल पेराई सत्र 2025-26 के लिए अंतिम रूप से बंद कर दी जाएगी इस अवसर पर राष्ट्रीय जैविक कृषि मिशन के संयोजक मनोज दीक्षित ने किसानों को जैविक खेती के तरीकों और उससे होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी।

# संक्षिप्त समाचार

### 25 साल बाद महेशपुर रेंज में लौटी गिद्धों की फौज, पर्यावरण प्रेमियों में खुशी

गोला गोकर्णनाथ खीरी। प्रकृति प्रेमियों और पर्यावरणविदों के लिए एक सुखद खबर सामने आई है। गोला तहसील के महेशपुर वन रेंज के शेरपुर गांव के जंगलों में लगभग 25 वर्ष बाद विलुप्तप्राय गिद्धों का एक बड़ा झुंड देखा गया है। गिद्धों की इस वापसी से क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र को नई उम्मीद मिली है। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने बताया कि 24 फरवरी को जंगल क्षेत्र में करीब 50 से अधिक गिद्धों का झुंड देखा गया। उन्होंने कहा कि एक समय इन जंगलों में सैकड़ों गिद्धों का बसेरा हुआ करता था, लेकिन धीरे-धीरे उनकी संख्या खत्म हो गई थी। करीब ढाई दशक बाद फिर से गिद्धों का दिखना पर्यावरण के लिए सकारात्मक संकेत है। विशेषज्ञों के अनुसार गिद्ध प्रकृति के प्राकृतिक 'सफाईकर्मी' होते हैं। ये मृत जानवरों के अवशेषों को खाकर पर्यावरण को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और कई प्रकार की बीमारियों को फैलने से रोकते हैं। अंजनी दीक्षित ने कहा कि गिद्धों की वापसी इस बात का संकेत है कि क्षेत्र का इको-सिस्टम फिर से संतुलन की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इन पक्षियों के संरक्षण के लिए विशेष कदम उठाए जाएं, ताकि यह झुंड जंगल में स्थायी रूप से रह सके और क्षेत्र में जैव विविधता को बढ़ावा मिल सके।

### नियम विरुद्ध कार्य करने वाले वैद्य पर कार्यवाही की मांग

नरैनी/बांदा। पद्म पुरस्कार से अलंकृत होकर लम्बे समय से नियम विरुद्ध कारनामे और राजस्व चोरी में करने में लगा वैध देवेंद्र त्रिगुणा।शिकायतकर्ता ने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर लगातार नियम विरुद्ध कार्य कर रहे वैद्य पर कार्यवाही की मांग की। तहसील क्षेत्र स्थित पनगरा गांव निवासी अनुराग बाजपेई ने महामहिम को पत्र भेजकर कर अवगत कराया कि भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली के आचार एवं पंजीयन बोर्ड द्वारा बनाये गये विनियम जोकि भारत के राज पत्र में दिनांक 28 दिसम्बर 2023 को प्रकाशित किए गए नियम में स्पष्ट रूप से वर्णित है कि प्रत्येक चिकित्सक और उसके द्वारा लिखी गयी औषधियाँ स्पष्ट रूप से पढ़ने योग्य अथवा टाइप की गयी हों। साथ ही कि स्पष्ट एवं पढ़ने योग्य चिकित्सकीय पर्ची लिखना मरीज के स्वास्थ्य के अधिकार का अभिन्न हिस्सा है। जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत संरक्षित है।लेकिन वैद्य देवेन्द्र त्रिगुणा द्वारा नियमों को सरेआम ठेंगा दिखाकर रोगी के प्रिस्क्रिप्शन में औषधि, रोग निर्णय व औषधि सेवन की विधि पता नहीं किस पाण्डु लिपि का प्रयोग कर लिखा जा रहा है। प्रार्थी 3 मार्च को दिल्ली कालेखां में मौजूद त्रिगुणेश्वर महादेव मंदिर के सामने स्थित चिकित्सालय में गया।

### जल जीवन मिशन से जुड़ी समस्याओं को लेकर गांव बेहाल

बांदा। रविवार को समाजसेवी सुमित शुक्ला ने सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के आवास पहुंचकर विधायक को प्रार्थना पत्र सौंप कर सहेवा गांव में जल जीवन मिशन अंतर्गत जगह जगह लीकेज खोदी गई खड़ंजा सड़कों के निर्माण तथा अधिकांश घरों में पानी ना पहुंचने की समस्या से अवगत कराया तथा उक्त समस्याओं के निराकरण की मांग की। आपको बताते चलें कि विकासखंड महुआ के सहेवा गांव में जल जीवन मिशन अंतर्गत घर घर पानी पहुंचाने की दिशा में काम किया गया किन्तु आज तक सभी घरों तक पानी नहीं पहुंचा और ना ही खड़ंजा सड़कों का निर्माण किया गया जबकि पहले सड़क खोदने से पूर्व कर्मचारियों ने यही कहा था कि सड़कें आज जैसी है कार्य समाप्त होने के पूर्व वैसी ही करके जायेंगे परन्तु अब गांव में ना तो कोई कर्मचारी दिखता है ना ही कोई अधिकारी पहले तो आरसीसी सड़कों की भी बहुत बुरी दशा थी किन्तु समाजसेवी सुमित शुक्ला द्वारा दिए गए ज्ञापन को संज्ञान लेकर विधायक जी ने सम्बंधित अधिकारियों को फटकार लगाई तब आरसीसी सड़कों का मरम्मतीकरण किया गया किन्तु उसके बाद की खोदी गई आरसीसी सड़कें आज तक ऐसे ही पड़ी है।

# संजू लय में आ जाए तो वह पहले छह ओवरों में ही मैच जिता सकता है: गंभीर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि जब संजू सैमसन अपनी फॉर्म में होते हैं तो वह पावरप्ले में ही विपक्षी टीम से मैच छीन सकते हैं। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के अंतिम चरण में सैमसन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर भारत को रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीतने में मदद की। अभिषेक शर्मा औरर सैमसन ने फाइनल में मिलकर पावरप्ले में 92 रन बनाए और इस तरह से न्यूजीलैंड से मैच छीन लिया। गंभीर ने जियो स्टार पर कहा, ''हम जानते हैं कि संजू क्या कर सकता है। उसकी प्रतिभा और विस्फोटक बल्लेबाजी पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर वह लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही मैच जिता सकता है। सैमसन का विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और इसलिए उन्हें आईसीसी टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली थी। लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ करो या मरो के मैच में मौका मिलने पर सैमसन ने 15 गेंदों में 24 रन बनाकर लय हासिल की और इसके बाद अगले तीन मैच में नाबाद 97, 89 रन और 89 रन बनाए। गंभीर ने कहा, ''मैंने उसे जिम में यह बात बताई। दरअसल हम दोनों साथ में ट्रेनिंग कर रहे थे और मैंने उसे बस इतना बताया



कि तुम जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलोगे और उसने कहा, 'ठीक है।' हमारी बातचीत कुछ इसी तरह से अनौपचारिक होती है। यह किसी मुख्य कोच और खिलाड़ी के रिश्ते जैसा नहीं है। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसमें हमारी आमने-सामने की अधिकतर बातचीत अभ्यास सत्रों के दौरान होती है। टीम में सैमसन की अनुपस्थिति में भारत के शीर्ष क्रम में ईशान किशन, अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा के रूप में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाज शामिल थे। लेकिन गंभीर ने जोर देकर कहा कि सैमसन को अंतिम एकादश में शामिल करने का फैसला बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन को तोड़ने के उद्देश्य से नहीं बल्कि टीम को अधिक आक्रामक ताकत देने के लिए लिया गया था। उन्होंने कहा, ''मुझे पता है कि बहुत से लोग इस बारे में बात करेंगे कि हम शीर्ष क्रम पर मौजूद तीनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन को तोड़ना चाहते थे, ऐसा बिल्कुल नहीं है।

# मेदवेदेव ने अल्काराज को साल की पहली हार का स्वाद चखाया, फाइनल में जगह बनाई

एजेंसी

इंडियन वेल्स (अमेरिका)। दानिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज़ को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्काराज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया। फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को 6-2, 6-4 से हराया। अल्काराज़ ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं। मेदवेदेव ने इस जीत से अल्काराज़ और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया। मेदवेदेव इससे पहले



अल्काराज़ के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है। मेदवेदेव की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्काराज़ पर पहली जीत है। सिनर ने ज़्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज़्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का ज़्वेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7-4 हो गया है। इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत भी शामिल है। इस बीच महिला युगल के फाइनल में टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा ने अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 7-6 (4), 6-4 से हराया। पुरुष युगल के फाइनल में गुइडो एंड्रेओज़ी और मैनुअल गिनार्ड ने आर्थर रिंडरकनेच और वैलेंटीन वाचेरोट को 7-6 (3), 6-3 से पराजित किया। मिश्रित युगल में बेलिंडा बेनसिच और फ्लेवियो कोबोली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और लॉयड ग्लासपूल को 6-3 2-6, 10-7 से हराया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रीमियर लीग में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बने 16 वर्षीय मैक्स डोमैन

**लंदन।** आर्सेनल के 16 वर्षीय विंगर मैक्स डोमैन इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए। उन्होंने एवर्टन के खिलाफ अपनी टीम की 2-0 की जीत में स्टॉपेज टाइम में गोल किया। डोमैन ने अपने हाफ के बीच में गेंद को अपने कब्जे में लिया। वह एवर्टन के दो खिलाड़ियों को चकमा देकर आगे बढ़े और फिर गोल दाग दिया। उन्होंने 16 साल और 73 दिन की उम्र में यह गोल करके नया रिकॉर्ड बनाया। प्रीमियर लीग में यह उनका केवल तीसरा मैच था। आर्सेनल के कोच मिकेल आर्टेटा ने कहा, ''वह किसी भी अवसर, परिस्थिति या प्रतिद्वंद्वी टीम से विचलित नहीं होता है और अपना स्वाभाविक खेल खेलता है। उसका यह प्रदर्शन अविश्वसनीय था। डोमैन ने एवर्टन के पूर्व खिलाड़ी जेम्स वॉन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2005 में 16 साल और 270 दिन की उम्र में क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ गोल किया था। डोमैन ने पिछले साल नवंबर में सबसे कम उम्र में चैंपियंस लीग में खेलने का रिकॉर्ड बनाया था। जब उन्होंने स्लाविया प्राग के खिलाफ दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा था तब उनकी उम्र 15 साल और 308 दिन थी। डोमैन अब भी स्कूल में पढ़ रहे हैं। आर्सेनल ने इस जीत से अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं। दूसरे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर सिटी के 30 मैच में 61 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। एक अन्य मैच में न्यूकैसल ने चेल्सी को 1-0 से हराया। प्रीमियर लीग के सबसे कम उम्र के गोल स्कोररों की सूची इस प्रकार है: 1. मैक्स डोमैन: 16 वर्ष, 73 दिन (2026 में आर्सेनल बनाम एवर्टन) 2. जेम्स वॉन: 16 वर्ष, 270 दिन (2005 में एवर्टन बनाम क्रिस्टल पैलेस) 3. जेम्स मिलनर: 16 वर्ष, 356 दिन (2002 में लीड्स बनाम सुंदरलैंड) 4. वायने रूनी: 16 साल, 360 दिन (2002 में एवर्टन बनाम आर्सेनल) 5. रियो न्गुमोहा: 16 वर्ष, 361 दिन (2025 में न्यूकैसल बनाम सेलिवरपूल)।

### भारत और हांगकांग के बीच एशियाई कप क्वालीफाइंग का मैच 31 मार्च को कोच्चि में होगा

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के क्वालीफायर का अपना अंतिम मैच हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को कोच्चि में खेलेगी। भारत पहले ही एएफसी एशियाई कप 2027 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। अब उसका लक्ष्य अपने क्वालीफाइंग अभियान का अंत जीत के साथ करना होगा। हांगकांग की टीम भी क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है। क्वालीफायर के संदर्भ में यह मैच भले ही औपचारिकता मात्र हो, लेकिन फीफा रैंकिंग के अंक दांव पर लगे होने के कारण इस मैच का महत्व बना हुआ है। भारत क्वालीफाइंग का अपना तीसरा मैच घरेलू मैदान पर खेलेगा। इससे पहले उसने पिछले साल मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ शिलांग में और अक्टूबर में सिंगापुर के खिलाफ मडगांव में मैच खेला था। यह 10 साल में पहली बार होगा जब भारतीय टीम कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मैच खेलेगी। इससे पहले उसने आखिरी बार मार्च 2016 में इस मैदान पर फीफा विश्व कप क्वालीफायर में तुर्कमेनिस्तान का सामना किया था।

### भारतीय ट्रिपल जम्पर सेल्वा प्रभु ने एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

**नयी दिल्ली।** भारत के सेल्वा प्रभु ने अमेरिका के फ़ेयेटविले में चल रही एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद (ट्रिपल जंप) में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रभु ने शनिवार को 17.05 मीटर की छलांग लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी करियर में पहली बार 17 मीटर की बाधा को पार किया। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने कन्सास स्टेट यूनिवर्सिटी की तरफ से खेलते हुए राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड भी बनाया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के हालांकि राष्ट्रीय रिकॉर्ड को प्रमाणित करने के संबंध में सख्त दिशानिर्देश हैं, जिसके कारण अक्सर नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन (एनसीएए) सहित विदेशों में होने वाली प्रतियोगिताओं में किए गए प्रदर्शन को तब तक मान्यता नहीं दी जाती है जब तक कि वे एएफआई की तकनीकी और डोपिंग से जुड़ी जरूरतों को पूरा नहीं करते हैं। एनसीएए अपना डोप परीक्षण कार्यक्रम स्वयं संचालित करता है, लेकिन उसे विश्व डोपिंग विरोधी एजेंसी वाडा से मान्यता प्राप्त नहीं है।

### फरवरी में भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात 3.86 प्रतिशत बढ़कर 268.07 करोड़ डॉलर पर

**मुंबई।** भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात फरवरी में सालाना आधार पर 3.86 प्रतिशत बढ़कर 268.07 करोड़ डॉलर (24,340.05 करोड़ रुपये) हो गया। उद्योग संगठन रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के अनुसार अन्य बाजारों में विस्तार के कारण निर्यात में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई। परिषद के आंकड़ों के अनुसार, एक वर्ष पहले इसी महीने में कुल निर्यात 258.10 करोड़ डॉलर (22,460.13 करोड़ रुपये) रहा था। अप्रैल, 2025 से फरवरी, 2026 के दौरान कुल रत्न एवं आभूषण निर्यात लगभग स्थिर रहा और यह 2,593.37 करोड़ डॉलर (2,28,230.06 करोड़ रुपये) रहा, जबकि इससे एक वर्ष पहले इसी अवधि में यह 2,591.58 करोड़ डॉलर (2,18,737.62 करोड़ रुपये) था। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद के चेयरमैन किरीट भंसाली ने कहा कि बीता वर्ष वैश्विक रत्न एवं आभूषण उद्योग के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। इस दौरान अमेरिका की शुल्क नीतियों में बदलाव, भू-राजनीतिक अनिश्चितता और प्रमुख बाजारों में उपभोक्ताओं की बदलती पसंद जैसे कारकों का प्रभाव रहा। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद भारत के रत्न एवं आभूषण क्षेत्र ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है।

### फार्मूला वन ने ईरान युद्ध के कारण बहरीन और सऊदी में अप्रैल में होने वाली रेस रद्द की

**शंघाई।** फॉर्मूला वन और उसकी संचालन संस्था फिया ने कहा है कि ईरान युद्ध से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं के कारण अप्रैल में बहरीन और सऊदी अरब में होने वाली ग्रां प्री रेस नहीं होंगी। अमेरिका और इजराइल द्वारा हमले शुरू करने के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इन दोनों देशों पर हमले किए हैं। यह घोषणा रविवार सुबह शंघाई में चीन ग्रां प्री से पहले की गई। एफवन ने कहा, ''पश्चिम एशिया क्षेत्र में चल रही स्थिति के कारण बहरीन और सऊदी अरब ग्रां प्री अप्रैल में नहीं होंगी। उन्होंने कहा, ''हालांकि कई विकल्पों पर विचार किया गया लेकिन अंततः यह तय किया गया कि अप्रैल में होने वाले रेस के स्थान में बदलाव नहीं होगा। एफवन रेस 12 अप्रैल को बहरीन में और 19 अप्रैल को सऊदी अरब के शहर जेद्दा में होनी थी। एफवन के अध्यक्ष और सीईओ स्टेफानो डोमेनिकाली ने कहा, ''हालांकि यह एक मुश्किल फ़ैसला था लेकिन दुर्भाग्य से पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस समय यह सही फैसला है।

# दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया

एजेंसी

माउंट माउंगानुई। न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। बे ओवल में खेले गए इस मैच में साउथ अफ्रीकी टीम ने गेंद और बल्ले दोनों से दमदार खेल दिखाया और सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों के सामने पूरी तरह संघर्ष करती नजर आई। पूरी टीम सिर्फ 91 रन पर 14.3 ओवर में ऑलआउट हो गई। न्यूजीलैंड की ओर से कोई भी बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन जेम्स नीशम ने बनाए। उन्होंने 21 गेंदों में 26 रन की पारी खेली, जिसमें 2 चौके और 1 छक्का शामिल था। नीशम के अलावा कप्तान मिचेल सैंटनर ने 19 गेंदों में 15 रन बनाए। वहीं कोल मैककॉन्ची ने 11 गेंदों में 15 रन और बेवन



जैकब्स ने 7 गेंदों में 10 रन बनाए। हालांकि कोई भी बल्लेबाज अपनी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाया और टीम जल्दी ही ढेर हो गई। साउथ अफ्रीका के गेंदबाजों ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया। 19 वर्षीय युवा गेंदबाज नकोबानी मोकाएना ने अपने टी20 इंटरनेशनल डेब्यू में ही शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए और मैच के हीरो बने। उनके अलावा जेराल्ड कोएट्ज़ी ने 2/14, ओटनील बार्टमैन ने 2/22 और कप्तान केशव महाराज ने 2/25 के आंकड़े के साथ दो-दो विकेट झटके। 92 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की शुरुआत थोड़ी धीमी रही, लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइज़न ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत दिला दी। उन्होंने 48 गेंदों में नाबाद 45 रन बनाए, जिसमें 2 चौके और 2 छक्के शामिल थे। उनकी इस पारी की बदौलत साउथ अफ्रीका ने 16.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। शानदार गेंदबाजी करने वाले युवा खिलाड़ी नकोबानी मोकाएना को उनके डेब्यू मैच में ही प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच के बाद उन्होंने कहा कि अपने पहले ही मैच में ऐसा प्रदर्शन करना उनके लिए बेहद खास है। मोकाएना ने कहा, 'डेब्यू मैच खेलना मेरे लिए शानदार अनुभव था। शुरुआती दो ओवर मेरे लिए अच्छे नहीं रहे और लगा कि शायद मुझे विकेट नहीं मिलेगा, लेकिन परिस्थितियां गेंदबाजों के अनुकूल थीं। मैंने अपनी स्लोअर गेंदों का इस्तेमाल किया और काफी मजा आया। इस जीत के साथ साउथ अफ्रीका ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। अब दोनों टीमों के बीच सीरीज का दूसरा मुकाबला और भी रोमांचक होने की उम्मीद है।

### थीगाला फिर से शीर्ष 10 में शामिल, एबर्ग ने प्लेयर्स चैंपियनशिप में अपनी बढ़त मजबूत की

फ्लोरिडा। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी सहित थीगला ने चार-अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाकर 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर इनामी प्लेयर्स गोल्फ चैंपियनशिप में एक राउंड शेष रहते हुए शीर्ष 10 में वापसी की। थीगाला ने दो बोगी के मुकाबले छह बर्डी लगाईं, जिससे उनका कुल स्कोर सात अंडर पार हो गया है। वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन के लुडविग एबर्ग से छह शॉट पीछे हैं। एबर्ग ने एक-अंडर 71 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त को तीन शॉट कर दिया है। उनका कुल स्कोर अब 13-अंडर पार है। थीगाला फिलहाल रॉबर्ट मैकिंटायर, ऑस्टिन स्मॉथरमैन, जैकब ब्रिजमैन और सेप स्ट्राका के साथ संयुक्त 10वें स्थान पर हैं। भारतीय मूल के एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया दो-अंडर 70 का स्कोर बनाकर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी स्कॉटी शेफ़लर के साथ संयुक्त 26वें स्थान पर पहुंच गए हैं। कनाडा के भारतीय मूल के खिलाड़ी सुदर्शन येल्लामाराजू ने छह अंडर 66 का स्कोर बनाकर शीर्ष 20 में जगह बनाई।

# अमेरिका की 'जबरिया मजदूरी' की जांच में चीन पर होगी कड़ी नजर : जीटीआरआई

एजेंसी

नयी दिल्ली। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) का मानना है कि अमेरिका द्वारा 60 अर्थव्यवस्थाओं के खिलाफ शुरू की गई जबरिया मजदूरी के व्यवहार की दूसरी 'व्यापार जांच' में चीन पर खास नजर रखी जाएगी। इन देशों में चीन के अलावा भारत भी शामिल है। जीटीआरआई ने कहा कि चीन के शिनजियांग क्षेत्र में कथित रूप से जबरिया मजदूरी कराए जाने के आरोप लगे हैं। ऐसे में जांच के केंद्र में चीन के रहने की संभावना है। जीटीआरआई ने कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में जबरन मजदूरी कराने की इस नई अमेरिकी जांच के तहत भारत से अमेरिका को सौर पैनल, इलेक्ट्रॉनिक्स और कपड़ों के निर्यात पर भी कड़ी नजर रखी जा सकती है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) ने 12 मार्च को




60 देशों को इसके दायरे में लेते हुए धारा 301 की जांच शुरू की। यह इस महीने की दूसरी धारा 301 जांच है। जांच से यह पता चलेगा कि क्या इन सभी अर्थव्यवस्थाओं के काम, नीति और व्यवहार जबरिया मजदूरी से बने सामान के आयात पर प्रतिबंध लगाने और उसे असरदार तरीके से लागू करने में नाकाम रहे हैं। जांच में यह देखा जाएगा कि क्या देश जबरिया मजदूरी से बने सामान को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आने दे रहे हैं या उसे रोक रहे हैं। यह जांच दो चीजों पर केंद्रित होगी। क्या जबरन मजदूरी का इस्तेमाल सीधे उत्पादन में किया जाता है, और क्या देश दूसरे देशों से जबरिया मजदूरी से बने सामान का आयात करते हैं और उनका इस्तेमाल ऐसे सामान बनाने के लिए करते हैं जिन्हें बाद में अमेरिका को निर्यात के लिए किया जाता है।

### पश्चिम एशिया संकट के बीच निर्यात खेप के लिए अग्रिम योजना बना रहे हैं निर्यातक

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण निर्यात पर पड़ने वाले असर को कम करने के लिए निर्यातक और लॉजिस्टिक्स कंपनियां पोत परिवहन कंपनियों की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं, अपनी खेप की पहले से योजना बना रही हैं और वैकल्पिक मार्गों की तलाश कर रही हैं। निर्यातकों का कहना है कि कारोबारी हालात को देखते हुए कंपनियां अपने भंडार, अनुबंध और खेप की समय-सारिणी में भी लचीलापन ला रही हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर जल्दी बदलाव किया जा सके। उद्योग से जुड़े लोगों के अनुसार, नियमित सलाह जारी करना, अतिरिक्त शुल्क को लेकर शिपिंग या माल ढुलाई वाले जहाज का परिचालन करने वाली कंपनियों से बातचीत करना, कंटेनर की उपलब्धता सुनिश्चित करना और अनुपालन की समय-सीमा में लचीलापन देना जैसे कदम इस संकट से निपटने में उद्योग के लिए मददगार हो सकते हैं।

# पेप्सी ने 'सैयारा' के कलाकार अहान पांडेय और अनीत पड्डा को ब्रांड एम्बैसडर बनाया

एजेंसी



नयी दिल्ली। गर्मियों के मौसम से पहले शीतल पेय पदार्थ बनाने वाली कंपनी पेप्सिको की भारतीय इकाई ने युवाओं, खासकर नई पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए फिल्म 'सैयारा' के अभिनेता अहान पांडेय और अभिनेत्री अनीत पड्डा को अपने नए प्रचार अभियानों का चेहरा बनाया है। कंपनी ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य युवाओं के साथ अपने जुड़ाव को और मजबूत करना है। कंपनी के अनुसार, दोनों कलाकार अपने स्वाभाविक अंदाज और लोकप्रियता के कारण नई पीढ़ी के बीच तेजी से पहचान बना रहे हैं और ऐसी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं जो बदलती सांस्कृतिक प्रवृत्तियों से तुरंत जुड़ जाती है। कंपनी ने कहा कि अहान पांडेय और अनीत पड्डा को पेप्सी परिवार में शामिल कर वह युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की अपनी परंपरा को जारी रख रही है, जो आज की पीढ़ी के साथ बेहतर जुड़ाव स्थापित कर सकती हैं। कंपनी में भारत और दक्षिण एशिया के पेय कारोबार के उपाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक नितिन भंडारी ने कहा कि नया प्रचार अभियान पेप्सी की युवा ऊर्जा और जोश को दर्शाता है।

# एअर इंडिया एक्सप्रेस ने रविवार को यूएई के तीन शहरों के लिए उड़ानें रद्द कीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हवाई अड्डा प्राधिकारियों के निर्देशों के बाद रविवार को अबू धाबी, रास अल खैमाह और शारजाह के लिए अपनी निर्धारित उड़ानें रद्द कर दीं। विमानन कंपनी ने बताया कि वह दिल्ली-दुबई मार्ग पर आने-जाने वाली एक उड़ान संचालित करेगी, जो हवाई अड्डे पर स्लॉट (उड़ान का समय) की उपलब्धता और मौजूदा परिस्थितियों पर निर्भर होगी। कंपनी ने बयान में कहा कि उसे यूएई हवाईअड्डा प्राधिकारियों के निर्देशों के बाद रविवार को उक्त शहरों के लिए अपनी गैर निर्धारित उड़ानों की भी संख्या कम



करनी पड़ी है। एअर इंडिया एक्सप्रेस के बयान में कहा गया कि अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष की वजह से हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंधों के कारण पश्चिम एशिया के लिए सेवाओं में कटौती की गई है। एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने शनिवार को घोषणा की थी कि रविवार को पश्चिम एशिया से आने-जाने वाली 72 निर्धारित और गैर-निर्धारित उड़ानें संचालित की जाएंगी।

# पश्चिम एशिया के हालात, कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की चाल: विश्लेषक

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले और मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार को प्रभावित करेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि यह सप्ताह घरेलू और वैश्विक स्तर पर कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों और आंकड़ों से भरा है। उन्होंने बताया कि भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर विशेष नजर रहेगी,



क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों पर उनका प्रभाव बाजार की समग्र दिशा को प्रभावित कर सकता है। घरेलू मोर्चे पर, बाजार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति, व्यापार संतुलन के आंकड़े और विदेशी मुद्रा भंडार जैसे प्रमुख व्यापक आर्थिक संकेतकों पर नजर रखेंगे। लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने बताया कि वैश्विक जोखिम धारणा बिगड़ने, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली के कारण भारतीय बाजार पिछले सप्ताह भारी दबाव में रहे। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 4,354.98 अंक या 5.51 प्रतिशत टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 1,299.35 अंक या 5.31 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। पिछले महीने 27 फरवरी से अब तक सेंसेक्स 6,723.27 अंक या 8.27 प्रतिशत नीचे आ चुका है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी गतिरोध वैश्विक कच्चे तेल आपूर्ति को सख्त बना सकता है, जिससे एशिया में मुद्रास्फीति बढ़ सकती हैं। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि आने वाले सप्ताह में काफी उतार-चढ़ाव रहने की उम्मीद है। पश्चिम एशिया के संघर्ष के कारण पोत परिवहन में होने वाली किसी भी देरी के चलते भारत जैसे उभरते बाजारों में वैश्विक पूंजी आवंटन पर असर पड़ सकता है। विदेशी निवेशकों ने मार्च के पहले पखवाड़े में घरेलू शेयरों से लगभग 52,704 करोड़ रुपये निकाले हैं। इसका मुख्य कारण पश्चिम एशिया में तनाव, रुपये की कमजोरी और भारतीय वृद्धि दर पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का प्रभाव है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# 2027 में सपा की साइकिल पंचर कर हमारे कार्यकर्ता उन्हें सैफई भेजने का काम करेंगे : केशव प्रसाद मौर्य

■ भाजपा संविधान की पुजारी और आरक्षण का समर्थक : केशव प्रसाद मौर्य

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी गंगा पार, जमुना पार एवं महानगर प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में बसंतोत्सव एवं कार्यकर्ता मिलन का आयोजन परेड ग्राउंड में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह भरते हुए होली की शुभकामनाएं दी और ललकारते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं का यह जन सैलाब 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की साइकिल पंचर कर उन्हें सैफई भेजने का काम करेगा और प्रयागराज के सभी 12 सीटों पर प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलाएंगे।

उन्होंने कहा सपा मुखिया अखिलेश यादव 2022 की तरह ही मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखते रह जाएंगे और भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के दम पर 2017 का इतिहास दोहराएंगे। उन्होंने कहा कि कंग्रेस और सपा एलपीजी गैस बुकिंग को लेकर सिर्फ दुष्प्रचार कर रहे हैं और कुछ नहीं। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युद्ध के समय भी ईरान के रास्ते से एलपीजी गैस और क्रूड ऑयल हमारा तिरंगा लहराते हुए बड़े शान से आ रहा है। उन्होंने कहा कि 2025 की लोकसभा चुनाव में दुष्प्रचार फैलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार सत्ता में रोकने के लिए संविधान का सहारा लेकर दुषप्रचार किया और कुछ हद तक वह सफल हो पाए। लेकिन कार्यकर्ताओं की मेहनत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और कंग्रेसियों को 100 सीटों का आंकड़ा भी प्राप्त नहीं करने दिया। उन्होंने कहा सपा और कंग्रेस को हम ललकार कर कहते हैं भारतीय जनता पार्टी संविधान की पुजारी है और आरक्षण का समर्थक है।

डिप्टी सीएम ने आगे कहा कि जो अधिकारी सपा का एजेंट बनकर संविधान और आरक्षण के खिलाफ काम करेगा तो उसकी जांच बैठाएंगे और उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में भारत विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। एक ऐसा भारत बन रहा है जो किसी देश को छेड़ता नहीं, लेकिन कोई हमें छेड़ेगा तो हम उसे छोड़ेंगे भी नहीं। और जब जरूरत पड़ेगी तो हम फिर से सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर करने से नहीं चूकेंगे। क्योंकि हमारे लिए देश प्रथम है, बाद में दल है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है देश के गरीबों को अमीर बनना, सशक्त और समृद्धशाली और विकसित भारत बनाना और जब तक गरीबों को हम अमीर नहीं बनाएंगे तब तक भारत विकसित भारत नहीं बन पाएगा। यही कारण है देश प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी को चुन रही है। उन्होंने कहा अभी पिछले वर्षों में पांच राज्य के चुनाव हुए जिसमें चार राज्यों में कमल खिला और आगे होने वाले पांच राज्यों के चुनाव में हम सरकार बनाने जा रहे हैं। हम असम में तीसरी बार कमल खिलाने जा रहे हैं। पश्चित बंगाल और तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी बड़ी पार्टी के रूप में उभरने वाली है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपनी कार्यकर्ताओं के बल पर पूरे पूर्वांचल में भगवा रंग की होली का उत्सव मना रही है। आगामी 2027 के चुनाव की तैयारी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता कर लें और पूर्वांचल के सभी सीटों पर कमल खिलाने के लिए तैयार हो जाए। कार्यक्रम संयोजक महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष निराला पासवान, यमुनापार जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर प्रख्यात लोक गायक कैलाश खेर और भोजपुरी गायक एवं सांसद मनोज तिवारी ने अपने गीतों की शानदार प्रस्तुति कर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में सांसद प्रवीण पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह, महापौर गणेश केसरवानी, क्षेत्रीय प्रभारी उत्तर मौर्य, क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, कमलेश गौतम, पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, केसरी देवी पटेल, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, हर्षवर्धन बाजपेई, राजमणि कोल, पीयूष रंजन निषाद, दीपक पटेल, पूजा पाल, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, पूर्व महापौर अभिलाष गुप्ता नदी, पूर्व विधायक उदयभान करवरिया, भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, दिलीप चतुर्वेदी, बृजेश त्रिपाठी एवं पार्षदगण और हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गरीब मरीजों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 47.87 लाख की मदद

कानपुर। गंभीर बीमारियों से जूझ रहे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को इलाज के लिए आर्थिक सहारा दिलाने में भाजपा विधायक सुरेन्द्र मैथानी के प्रयास जारी हैं। उनके प्रयास से मुख्यमंत्री राहत कोष से 52 गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों के इलाज के लिए कुल 47,87,500 रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कराई गई है। विधायक बनने के बाद वर्ष 2022 से अब तक यह 23वां अवसर है जब उन्होंने गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को समय पर आर्थिक मदद दिलाने में भूमिका निभाई है। इससे कई परिवारों को इलाज का सहारा मिला है और आर्थिक संकट के बीच मरीजों को राहत मिल सकी है। विधायक ने रविवार को कहा कि उनका प्रयास रहता है कि किसी भी गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति को इलाज के अभाव में अपनी जान न गंवानी पड़े। कई बार आर्थिक तंगी के कारण अस्पतालों में इलाज रुक जाता है, जिससे परिवारों को गहरा संकट झेलना पड़ता है। ऐसे समय में यदि समय पर आर्थिक सहायता मिल जाए तो मरीज की जान बचाई जा सकती है और परिवार के आंसू थम जाते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली, पेयजल, सीवर और पार्क जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है, लेकिन यदि किसी परिवार के सदस्य की जान बचाने में आर्थिक मदद मिल सके तो उससे बड़ा कोई सेवा कार्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग से यह पुनीत कार्य लगातार जारी है और आगे भी जरूरतमंदों को राहत दिलाने का प्रयास जारी रहेगा। विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से गरीब मरीजों को समय पर आर्थिक सहायता मिल पा रही है और कई परिवारों को नई उम्मीद मिली है।

# कांशीराम के सपनों को साकार कर रही भाजपा सरकार: आर के सिंह पटेल



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश के बांदा - चित्रकूट के पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल के बलदाऊ गंज स्थित आवास पर रविवार को सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत बहुजन नायक कांशीराम की 92 वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। पूर्व सांसद पटेल ने कहा कि शोषित वंचित समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़कर उनका सर्वांगीण विकास कर मोदी और योगी सरकार कांशीराम के अधूरे मिशन को पूरा कर रही है। इस मौके पर पूर्व सांसद पटेल ने कहा कि बहुजन नायक कांशीराम का संपूर्ण जीवन शोषित वंचित समाज के उत्थान के लिए समर्पित रहा है। सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत डॉ भीमराव अंबेडकर, ज्योतिबा फुले और छत्रपति शाहू महाराज के आदर्शों पर चलकर कांशीराम ने देश के दलितों और पिछड़ों को संगठित कर उनमें राजनैतिक चेतना जागृत कर विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। जयंती समारोह में पूर्व सांसद ने बताया कि कांशी राम साहब का जन्म 15 मार्च 1934 को हुआ था। उन्हें बहुजन नायक के रूप में भी जाना जाता है। वे एक भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे जिन्होंने दलितों, पिछड़ों और अन्य वंचित जातियों को राजनीतिक और सामाजिक सशक्तिकरण का रास्ता दिखाया। उनका उद्देश्य था कि समाज के शोषित वर्ग को एकजुट करके उन्हें अधिकार दिलवाया जाए। कांशीराम की जयंती के अवसर पर उनके योगदान को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता शक्ति प्रताप सिंह तोमर, राजकुमार त्रिपाठी, शिवाकांत पांडेय, आशीष रघुवंशी, सुनील सिंह पटेल आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## मां व भाई के सामने बालिका को मुंह में दबा कर ले गया गुलदार, दर्दनाक मौत

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर के थाना नहटौर क्षेत्र के गांव में आज रविवार सुबह लगभग 10 बजे गुलदार के हमले से 10 वर्षीय बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। बालिका अपनी मां और भाई के साथ खेत से घर लौट रही थी, तभी झाड़ियों में छिपे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया और मां तथा भाई के सामने ही गर्दन से दबोचकर जंगल की ओर खींच ले गया। यह मामला जनपद बिजनौर के थाना नहटौर क्षेत्र के गांव मुकर्रमपुर निवासी अतुल कुमार का परिवार गन्ने की बुआई के लिए खेत पर गया था। रविवार सुबह करीब 10 बजे अतुल की पत्नी पिंकी अपनी बेटी अदिति (10) और बेटे आदित्य के साथ खेत से काम निपटाकर वापिस घर लौट रही थीं। रास्ते में झाड़ियों में छिपे गुलदार ने अचानक अदिति पर हमला कर दिया। मां और भाई के सामने ही गुलदार बच्ची को गर्दन से दबोचकर जंगल की ओर खींच ले गया। मां के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों के पहुंचने और शोर मचाने पर गुलदार बच्ची को करीब 200 मीटर दूर लहूलुहान हालत में छोड़कर जंगल की ओर भाग गया।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह सम्पादक**
डा. सुशील चन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
राधेश्याम मिश्रा आईएएस (रि)
विवेक वार्ष्णेय आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# निषाद पार्टी का स्थापना दिवस समारोह 22 मार्च को गोरखपुर में : डॉ. संजय निषाद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोरखपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य कैबिनेट मंत्री एवं निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद ने कहा कि निषाद पार्टी संघर्ष, सेवा और सामाजिक समरसता के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर 22 मार्च को गोरखपुर में ऐतिहासिक कार्यक्रम किया जाएगा । इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों कार्यकर्ता और समाज के लोग शामिल होंगे। रविवार को एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में डॉ. संजय निषाद ने कहा कि निषाद पार्टी ने अपने संघर्ष और जनसमर्थन के बल पर समाज के अधिकार, सम्मान और विकास की आवाज को मजबूती दी है। उन्होंने कहा कि समाज की एकता और कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण आज निषाद पार्टी ने देश की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि पार्टी का उद्देश्य निषाद समाज सहित जल, जंगल और जमीन से जुड़े सभी वंचित और पिछड़े वर्गों को उनका अधिकार और सम्मान दिलाना है। पार्टी स्थापना के समय से ही समाज के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। डॉ. निषाद ने कहा कि 22 मार्च को गोरखपुर में आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रदेश भर से पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाज के प्रबुद्ध लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम में पार्टी के अब तक के संघर्ष, उपलब्धियों और भविष्य की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा मछुआरा समाज के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के माध्यम से मछुआरों को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे मछली उत्पादन बढ़ेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। डॉ. संजय निषाद ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों से आह्वान किया कि वे 22 मार्च को गोरखपुर में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसे ऐतिहासिक बनाएं और समाज के अधिकार, सम्मान तथा विकास की लड़ाई को और मजबूत करें।

# एसआई भर्ती परीक्षा में पूछे गए प्रश्न पर भाजपा विधायक ने जताई आपत्ति, मुख्यमंत्री से की शिकायत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में पूछे गए प्रश्न ''अवसर के अनुसार अपना पक्ष बदलने वाले व्यक्ति के लिए एक शब्द चुनिए'' के विकल्प में ल्लपंडितङ्क शब्द का प्रयोग किया जाने पर मुरादाबाद नगर विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक रितेश गुप्ता ने आपत्ति जताई है। नगर विधायक ने आज सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत करते हुए आग्रह किया है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच एवं प्रश्न चयन समिति की भूमिका की समीक्षा कर आवश्यक व सख्त कार्यवाही करें। जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि एसआई भर्ती परीक्षा में इस तरह का प्रश्न पूछा जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और आपत्तिजनक है। मैं इसकी घोर निंदा करता हूँ। यह केवल एक शब्द का मामला नहीं है, बल्कि एक विद्वत और सम्मानित समाज की गरिमा से जुड़ा विषय है। नगर विधायक ने आगे कहा कि ब्राह्मण समाज ने सदियों से ज्ञान, संस्कृति, सनातन परम्पराओं और वैदिक मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारतीय समाज के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आधार को मजबूत बनाए रखने में ब्राह्मण समाज का योगदान अतुलनीय रहा है। ऐसे में किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग समाज की भावनाओं को आहत करने वाला है। रितेश गुप्ता के अनुसार प्रदेश में सामाजिक समरसता, आपसी सम्मान और संतुलन बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जो भी व्यक्ति या संस्था समाज में अनावश्यक असंतुलन पैदा करने का प्रयास करे, उसके विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाने चाहिए।

# प्रो. आनंद के काव्य-संग्रह 'कोरा कागज़ सजाता हूँ' द्वितीय का भव्य लोकार्पण



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में हिन्दू कालेज के रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन विभाग में रविवार को एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान प्रो. आनंद के काव्य-संग्रह ''कोरा कागज़ सजाता हूँ'' द्वितीय का भव्य लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात साहित्यकार कृष्ण कुमार 'नाज़', वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मनोज रस्तोगी तथा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यव्रत सिंह रावत ने संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया। अतिथिद्वय साहित्यकार कृष्ण कुमार 'नाज़' ने काव्य-संग्रह की सराहना करते हुए कहा कि प्रो. आनंद की कविताओं में जीवन के विविध अनुभवों, संवेदनाओं और सामाजिक सरोकारों का सुंदर समन्वय दिखाई देता है। वहीं डॉ. मनोज रस्तोगी ने कहा कि कोरा कागज़ सजाता हूँ में अभिव्यक्ति की सादगी और भावों की गहराई पाठकों को विशेष रूप से आकर्षित करेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. सत्यव्रत सिंह रावत ने कहा कि साहित्य समाज की संवेदनाओं और विचारों का दर्पण होता है। उन्होंने प्रो. आनंद को इस काव्य-संग्रह के प्रकाशन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे साहित्यिक प्रयास महाविद्यालय के बौद्धिक वातावरण को समृद्ध करते हैं। उपस्थित अतिथियों ने भी विमोचित कृति की कविताओं का वाचन किया। डॉ. मदन मोहन ने ''जीवन का इक तार'', डॉ. अकरम ने ''बचपन की आँधी'', डॉ. कृति ने ''भूलना मन्त्र सफलता का'' डॉ. राजीव ने ''अगले जनम फिर जो मिलना है'', डॉ. साकिब ने ''दिल की बात'' और डॉ. मीनू मेहरोत्रा ने ''बेटियां'' कविता का वाचन किया। डॉ. एस. बी. यादव ने स्वरचित कविता के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित किया। कार्यक्रम में प्रो. अर्चना राठौर, प्रो. रीना मित्तल, प्रो. ए. पी. सिंह, प्रो. अनिल, प्रो. प्रियंशा, प्रो. शालिनी, डॉ. सुनील, डॉ. मनोज, डॉ. अनुपमा, डॉ. कुलदीप, डॉ. चंद्रजीत, डॉ. आलोक, डॉ. चरण सिंह, डॉ. मनीष, डॉ. विवेक, डॉ. ऋत्विक, राम जियावन, जेडए नक़्वी, संजय आर्य, रणवीर, संजीव आदि उपस्थित रहे। प्रो. इला अग्रवाल ने काव्य संग्रह के दर्शन पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए विमोचन कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

# कांशीराम जयंती पर सपा का भव्य कार्यक्रम, नेताओं ने सामाजिक न्याय के विचारों को बताया प्रेरणा स्रोत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




औरैया। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जनपद औरैया में बहुजन समाज के महान नेता कांशीराम की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया तथा कांशीराम के जीवन, संघर्ष और सामाजिक न्याय के लिए उनके योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को वर्तमान समय में भी प्रासंगिक बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा के जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने की।कार्यक्रम की शुरुआत कांशीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद आयोजित सभा में वक्ताओं ने उनके जीवन और संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम ने देश में सामाजिक समानता और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने दलित, पिछड़े और शोषित वर्गों को राजनीतिक रूप से जागरूक करने और उन्हें मुख्यधारा की राजनीति में स्थान दिलाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किया। वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम का जीवन संघर्ष और समर्पण का प्रतीक रहा है। उन्होंने सामाजिक अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और समाज के कमजोर वर्गों को संगठित कर उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उनके प्रयासों का ही परिणाम था कि देश की राजनीति में दलित और पिछड़े वर्गों की भागीदारी बढ़ी और सामाजिक न्याय की राजनीति को नई दिशा मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम ने कहा कि समाजवादी विचारधारा हमेशा से सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे की पक्षधर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी आंदोलन के प्रमुख नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने कांशीराम को 1991 में इटावा से सांसद बनाया था, जो उस समय सामाजिक न्याय की राजनीति के लिए एक ऐतिहासिक कदम माना गया। उन्होंने कहा कि यह घटना इस बात का प्रमाण है कि समाजवादी आंदोलन ने हमेशा से वंचित वर्गों को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। इस दौरान उपस्थित नेताओं ने कहा कि कांशीराम के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक समानता और न्याय की स्थापना के लिए उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे उनके आदर्शों को अपनाते हुए समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की आवाज बनने का कार्य करें। कार्यक्रम के अंत में सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांशीराम के बताए मार्ग पर चलने और सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही, जिससे पूरा वातावरण उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक बना रहा। नेताओं ने कहा कि कांशीराम के विचार समाज को बराबरी और न्याय की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर बिधूना विधायक रेखा वर्मा, दिबियापुर विधायक प्रदीप यादव, पूर्व विधायक विनोद उर्फ कक्का यादव, पूर्व विधायक मदन गौतम, वरिष्ठ सपा नेता लालजी शुक्ला, अनवर यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजवीर यादव, श्याम बाबू यादव, बबलू नायक, समरथपाल, योगेश विरासिया, मधु यादव, रश्मि यादव, स्नेह लता, बाबा राम नरेश, महेंद्र त्रिपाठी, खुशी लाल निषाद सहित बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।